सुप्रभात
रांची, सोमवार
16.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 331



06 मोदी सरकार के 11 साल : नये भारत का अमृतकाल


## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान



244 (GEN) SIDDHARTH 2 Years Classroom Program
133 (EWS) KARAN BHASKAR 1 Year Classroom Program
731 (GEN) KARAN 2 Years Classroom Program
360 (OBC) ABHISHEK 2 Years Classroom Program

BIOME ®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## NEET (UG) RESULT 2025

### राँची से NEET (UG) में सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वाधिक रिजल्ट फिर से एक बार

**1621** Total Qualified Students

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 149 ST SHEETAL | 384 EWS TOUFIQUE | 525 OBC OWAIS RAZA | 548 EWS ANKIT | 750 ST MUSKAN | 893 GEN LAKHAN | 987 ST NANCY NIKITA | 1769 EWS AYUSHI | 1835 PH MONA | 2012 OBC SUJATA | 2057 GEN RITIK | 2088 GEN RAHUL |
| 2283 GEN RAGHAV | 2468 EWS ANMOL | 2641 GEN DIVYA | 2652 EWS MANAK | 3161 EWS PIYUSH | 3274 GEN ADARSH | 3498 ST ZIPPORAH | 3618 GEN SUPRIYA | 3834 OBC RUDRA PRATAP | 3936 OBC SHREYA | 4342 EWS SIDHARDH | 4401 ST SUMANT |
| 4403 OBC SIDDHARTH | 4442 SC SOURAV | 4497 OBC TANYA | 4718 SC AMIT | 4771 GEN SANT KUMAR | 4884 SC DIMPLE RAJ | 4907 ST PRIYANKA | 4933 ST DISHA | 4939 OBC AMAN | 4972 ST BIBHA ANSHU | 4973 GEN SHIV RAJ | 5044 EWS PRATIKSHA |
| 5061 SC SIYA | 5383 GEN KHUSHI | 5778 OBC VIPUL | 5880 GEN SHRADHA | 6059 ST AMAN PRIYANSHU | 6229 GEN KASHISH | 6305 OBC HENA SUMBUL | 6477 OBC ASIF ALI | 6497 OBC SHAIM | 6594 GEN SAPNA | 6607 SC AWANTIKA | 6608 OBC NISHANT |
| 7167 ST AKANKSHA | 7413 ST ANGEL DIVYA | 7598 ST ANUGRAH | 8195 OBC SHIVI ANURUP | 8286 OBC BHUNESHWAR | 8291 GEN SNIGDHA | 8476 OBC SHUBHANGAM | 8566 GEN AMISHA | 8680 ST PRIYANKA | 9092 GEN PARIJAT | 9097 ST ADITI | 9180 GEN GEETANJALI |
| 9269 OBC MANISHA | 9284 OBC MOHIT | 9967 GEN MASKIN | 10015 GEN DEEPSHIKHA | 10660 EWS AYUSH | 10817 GEN TALHA AHMAD | 11242 GEN PIYUSH | 11257 OBC SANIDHYA | 11382 ST SANDEEP | 11789 OBC TAHSHIN | 12335 OBC VIKASH | 12637 OBC SHREYA |
| 12837 GEN TEJAS | 13038 ST SUPRIYA | 13117 OBC DEVANAND | 13619 GEN NANDINI | 14035 GEN RAJ VARDHAN | 14118 GEN ATEEBA | 14255 SC SOURYA | 14276 OBC RAGINI | 14649 OBC MAHIMA | 15061 OBC SHALU | 15226 GEN AKANSHA | 15845 OBC ASHIF RAZA |
| 16011 GEN AADRITI | 16148 SC ROHINI | 16462 OBC PRATHAM | 16876 OBC NAUSHEEN | 17488 GEN HARSHA | 19098 OBC RINKEY | 19166 OBC MAYANK | 20030 OBC SAKIB AHMAD | 20192 OBC TARUN | 20492 OBC MANVI | 20497 OBC DEVDAS | 21017 OBC SRIJAN HARSH |

*and many more...*

**NEET-UG Counselling Seminar : 26 June, 2025 (Thursday), at 11:00 A.M. | VENUE : BIOME, HINOO CAMPUS**

**BIOME Ranchi**
HINOO, Ranchi
CIRCULAR ROAD, Ranchi
BARIATU ROAD, Ranchi
biomeinstitute.in

**FOUNDATION**
(11th moving students)
For NEET 2027
Starting from 3rd July, 2025

**TARGET**
(12th passed students)
For NEET 2026
Starting from 26th June, 2025

**LAKSHYA**
(For 450+ Scorer in NEET 2025)
For NEET 2026
Starting from 3rd July, 2025

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

736 006 6185 / 88 / 90 / 91 / 92 / 93 / 94
youtube.com/biomeinstitute facebook.com/biomeinstitute/ biome_institute_official

# पंचायत सचिव सुखलाल के सुसाइड केस में दीपिका पांडेय ने दिया जांच का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने गिरिडीह के एक पंचायत सचिव सुखलाल महतो द्वारा आत्महत्या किये जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इस मामले की जांच के अलावा सुखलाल के लिए न्याय की भी मांग की है। कहा है कि बीते दिन डुमरी प्रखंड परिसर में बालथारिया के पंचायत सेवक सुखलाल महतो के द्वारा डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य तीन लोगों से मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक गोली खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। आनन-फानन में उन्हें रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान शनिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। स्वर्गीय सुखलाल महतो एक ईमानदार पंचायत सेवक थे। दुर्भाग्यवश सरकार के भ्रष्ट तंत्र एवं कुव्यवस्था के आगे उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा।

सीपी चौधरी ने सरकार से मांग करते कहा कि स्व सुखलाल महतो प्रकरण की जांच के लिए एक निष्पक्ष कमिटी का गठन हो। उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये। आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई कर सुखलाल और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने में संवेदनशीलता सरकार दिखाए। इससे पूर्व ईलाज के लिए रिम्स, रांची लाए जाने पर सीपी चौधरी ने सुखलाल के सेहत की जानकारी डॉक्टर्स से ली थी।

सीपी चौधरी के मुताबिक, जब उन्होंने स्वयं उस सुसाइड नोट को पढ़ा तो पाया कि डुमरी के बीडीओ द्वारा सुखलाल पर इतना दबाव डाला जा रहा था और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी कि वो पूरी तरह से परेशान हो चुके थे। यह



### मामला गंभीर : मंत्री

जयराम के पत्र पर दीपिका ने कहा कि डुमरी प्रखंड के बलथरिया पंचायत के सचिव सुखलाल महतो द्वारा आत्महत्या का प्रयास अत्यंत गंभीर मामला है। गिरिडीह डीसी से दीपिका ने मामले की गहराई से जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई करने को भी कहा है।

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी थी कि सुखलाल आत्महत्या जैसे मजबूर कदम उठाने पर मजबूर हो गए। इस पूरे मामले ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अधिकारी कठपुतली बन चुके अफसरों की निरंकुशता को बेनकाब किया है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी विचारधारा के अनुरूप किसी भी संवैधानिक कार्य के समर्थन और विरोध का अधिकार है, लेकिन किन्हीं को इस प्रकार से मानसिक दबाव बनाना कि वो आत्महत्या जैसा कदम उठाए, यह काफी निंदनीय कृत्य घटना हैं।

**जयराम ने भी की जांच की मांग**

वहीं दूसरी ओर सुखलाल द्वारा आत्महत्या का प्रयास किये जाने के मामले की जांच कराने का आग्रह ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से विधायक जयराम महतो ने भी किया है। इस संबंध में उन्हें चिठ्ठी भी लिखी है। इसके बाद दीपिका पांडेय ने इस मामले की पड़ताल करने का निर्देश गिरिडीह डीसी को दिया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध एक्शन लेने को कहा है। जयराम ने पत्र में कहा है कि डुमरी ब्लॉक (गिरिडीह) अंतर्गत बलथरिया पंचायत सचिव सुखलाल महतो ने प्रखंड परिसर में आत्महत्या करने का प्रयास किया है। इससे पूर्व सुखलाल ने उनके नाम पर एक आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने इस कृत्य के लिए बीडीओ डुमरी तथा तीन अन्य द्वारा मानसिक रूप से प्रताडित किये जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पीडित द्वारा उठाया गया आत्महत्या करने का कदम ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है। जयराम ने विभागीय मंत्री से इस केस की विभागीय जांच कराने की अपील करने के अलावा दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की भी मांग की है।

# राज्य के मेडिकल कॉलेजों और हॉस्पिटलों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर लगी रोक

## अस्पतालों में बढ़ती भीड़ को कम करने को लेकर स्वास्थ्य निदेशालय का बड़ा फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य निदेशालय ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सरकारी अस्पतालों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया। अस्पतालों में भीड़ कम करने, मरीजों की सुरक्षा व गोपनीयता बनाए रखने और सुव्यवस्थित ढंग से अस्पताल संचालन के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। यह पहल 11 जून को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में की जा रही है। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही ने सभी सिविल सर्जनों, मेडिकल कॉलेज




अस्पताल के अधीक्षकों और अन्य अस्पताल प्रमुखों को जारी पत्र में कहा है कि अस्पताल के प्रवेश द्वार पर आवश्यकता के अनुसार उचित संख्या में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाये।

**मरीजों की संख्या के आधार पर एक या दो प्रवेश द्वार ही चालू रखे जाएंगे :** उन्होंने कहा है कि मरीजों की संख्या के आधार पर एक या दो प्रवेश द्वार ही चालू रखे जाएंगे। अनावश्यक द्वार को बंद करने का निर्देश दिया गया है। रात में यदि एक द्वार से काम चलता तो सिर्फ एक ही चालू रखा जाये अस्पताल भवन में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है।

साथ ही अस्पताल के मुख्य द्वार और परिसर में हाई मास्ट एलईडी लाइट की व्यवस्था करने को कहा गया है। निदेशक प्रमुख के स निर्देश के बाद धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सदर अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में यह व्यवस्था की जा रही है।

### परिजन के लिए जारी होगा बैज

सरकारी अस्पताल में बिना काम के लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रबंधन को मरीज के साथ आने वाले परिजनों के लिए बैज जारी करने का निर्देश दिया गया है। मरीज के साथ आए परिजन को यह बैज दिया जाएगा। अस्पताल से बाहर निकलते वक्त उनसे बैज वापस ले लिया जाएगा।

### अपंजीकृत मीडिया कर्मी और यूट्यूब के प्रवेश पर रोक

निदेशक प्रमुख ने अपंजीकृत मीडिया कर्मी, यूट्यूबर, कैमरा आदि को भी अस्पताल भवन के अंदर प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। स्पष्ट कहा गया है कि ये लोग अस्पताल भवन के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। इसकी जानकारी अस्पताल के प्रवेश द्वार के बाहर प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया है। इधर, झारखंड स्वास्थ्य निदेशालय के निर्देश के आलोक में राज्य के सरकारी अस्पतालों में तैयारी शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि सरकारी अस्पताल में नई व्यवस्था जल्द शुरू कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री से राज्यकर्मियों के 11 सूत्री मांगों को पूरा किये जाने की जोरदार मांग : महासंघ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के द्वारा पूर्व में किये गये आंदोलन एवं विभिन्न स्तर पर अपने 11 सूत्री मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की है। संघ की मांगों में राज्य के राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, क्योंकि कई विभागों में कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयों की कमी के कारण उन्हें कार्यों की अधिकता की बोझ हो गई है।

जिसे सरकार को यथाशीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। साथ ही मुफस्सिल से लेकर सचिवालय तक के योग्यताधारी चतुर्थवर्गीय कर्मियों को बिना विभागीय परीक्षा के लिपिक संवर्ग में केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर प्रोन्नति देने, रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओपीएस का



लाभ देकर पुरानी पेंशन योजना में सम्माहित करने, शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देते हुए गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने , लिपिको को प्रोनोति के प>ात 2000 के जगह 2400 ग्रेड पे देने ,जन सेवकों को प्रोन्नति देकर एमएसीपी का लाभ देने ,श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षण अधिकारियों का डी जी टी पत्र के आलोक में ग्रेड पे 4200 के जगह 4600 देने ,मोटर चालक अनुदेशक का ग्रेड पे प्रशिक्षण अधिकारी के समतुल्य देने, कोरोना काल के 18 महीनों का महंगाई भत्ता एक मुस्त देने , 25 - 30 वर्षों से वन विभाग में कार्यरत श्रम पुस्त कर्मी, अनुबंध कर्मी,कंप्यूटर ऑपरेटर ,पारा स्वास्थ्य कर्मी, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका, चालक ,नगर परिषद के कर्मियों और अनुबंध कर्मियों सहित आउटसोर्सिंग की नियुक्ति नियमावली प्रदान करने के साथ बेरोजगारों को सरकार के रिक्त पद पर नियमित बहाल करने और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की है। श्री जहीर ने कहा कि झारखंड के समस्त राज्यकर्मी सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं और महासंघ के ज्वलंत एवं गंभीर मांगों को पूरा किए जाने की सरकार से गुहार लगा रहे हैं। जहीर ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्राथमिकता के आधार पर सहानुभूति पूर्वक गंभीरता के साथ महासंघ के मांगों को पूरा किए जाने की मांग है।

# पीएम के नेतृत्व में हुआ देश का सर्वांगीण विकास : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि पीएम नमो के नेतृत्व में 11 वर्षों में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। श्री सेठ रविवार को रातू रोड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, महिला, नौजवान, विद्यार्थी सहित संपूर्ण परिवार के कल्याण के लिये मोदी सरकार ने कार्य किया है। परिवार के साथ राष्ट्र की भी उत्तरोत्तर प्रगति हो, इस दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लंबी लकीर खींची गई है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुये। उन्होंने कहा कि रांची को भी मोदी सरकार ने अनेक उपलब्धियां दी।

चाहे रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर हो। चाहे रांची के आधा दर्जन रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन के तहत विकास, दर्जनों रेलवे अंडरपास और ओवर ब्रिज, वंदे भारत सहित कई नई ट्रेन, पूर्वी भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय की सौगात, भारतमाला परियोजना, रांची बोकारो एक्सप्रेस-वे ऐसे कई कार्य हुये। इससे झारखंड के विकास को नई गति प्रदान हुई है। झारखंड भी देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला कार्यकाल है। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, जितेंद्र वर्मा, बलराम सिंह उपस्थित थे।

# हूल दिवस तैयारी को लेकर कांग्रेस ने किया जूम मीटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिद्धू-कान्हू, चान्द-भैरव, फूलो-झानो एवं अन्य शहीदों की याद में 30 जून को मनाये जानेवाले हूल दिवस पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा 28 जून से 30 जून 2025 तक हूल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 30 जून, 2025 को भोगनाडीह में कांग्रेस की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता हेतु रविवार को सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी जिलों में नवनियुक्त अध्यक्षों की जूम मीटिंग कर हूल यात्रा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया एवं सफल संचालन हेतु एक समिति बनाने की बात कही गई।



बैठक में सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा और प्रशांत पांडे के अलावा जिला से जगदीश चंद्र महतो, पियारूल इस्लाम, नेहाल अख्तर, जियाउल रहमान, सुनीता गोप, अमित कुमार पांडे, उदय केसरी, वसीम अहमद, देवेंद्र पासवान, जुलकर नैन, भोला दास, कमलेश कुमार महतो, राजकुमार वर्मा, अफाक आलम, रवि कच्छप ,असलम अंसारी, चांद रशीद, राजेश कुमार ठाकुर, इफ्तेखार अंसारी, केदारनाथ साहू, मोशाहिद हुसैन, आशीष शुक्ला, कुंदन कुमार यादव, प्रकाश महतो आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### मनरेगा मद में सप्लायरों के बकाया भुगतान के बाद काम हो सकता है प्रभावित

**रांची।** केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में मटेरियल मद में सिर्फ 282 करोड़ का आवंटन किया है। वहीं, इस मद में राज्यांश 90 करोड़ का आवंटन हुआ है। ऐसे में मैटेरियल मद में अभी 372 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास विभाग के पास उपलब्ध है, लेकिन यह जरूरत के अनुसार काफी कम है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार से सामग्री मद में करीब 800 करोड़ रुपये के आवंटन की मांग की गयी थी, जिसमें आंशिक भुगतान ही किया गया है। सामग्री मद के बकाया भुगतान में ही उक्त राशि चली जायेगी ऐसे में नये कार्यो के लिए राशि कम पड़ेगी। बड़ी राशि सप्लायरों का बकाया है। अब यह प्रयास हो रहा है कि मैटेरियल मद की राशि का भुगतान करा दिया जाये। इसके लिए जिलों को राशि भी भेज दी गयी है। जिलों से कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी मांगा गया है। रिपोर्ट को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा जायेगा। इसके बाद बकाया भुगतान करने की भी मांग की जायेगी। बता दें कि, बड़े पैमाने पर बकाया होने की वजह से सप्लायर नया काम नहीं लेना चाह रहे थे, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण सहित अन्य कार्यो में मैटेरिलय के सप्लाई में टेंडर भरने से आनाकानी कर रहे थे।

### ..अब एक्स पर भी जमीन विवाद का मामला खुद देखेंगे दीपक बिरुआ

**रांची।** परिवहन, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने विभाग को लेकर एक अलग पहल की है। खासकर जमीन विवाद के निष्पादन मामले में। अब वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी भूमि विवाद मामले को देखेंगे। इस पर संज्ञान लिये जाने का भी भरोसा दिया है। इस बारे में उन्होंने एक्स पर भी जानकारी साझा किया है। मंत्री ने कहा है कि आप सभी से प्रार्थना और निवेदन है कि भूमि से संबंधित जितना भी आवेदन हो, वो मुझे एक्स के मैसेज में भेजें। बहुत जल्द एक नंबर साझा करूंगा, ताकि भूमि सम्बन्धित शिकायत हो। सभी समाजसेवी बंधु, जो मामला आपसे संबंधित हो या सामाजिक, वो एक ही व्यक्ति जिम्मेदारी लेते हुए करें। इतने लोग एक मामले को उठाते हैं कि संबंधित कार्य होने के पूर्ण भी पोस्ट करते हैं। हम सभी सेवक हैं। अगर सिर्फ सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहना कार्य है, तो मेरा निवेदन है कि पोस्ट करने के पहले आप संबंधित व्यक्ति से मिलें। कोई मामला हो तो वातार्लाप करायें, समाधान होगा। यह हेमंत सोरेन जी की टीम है। संज्ञान भी लेगी और समाधान भी होगा।

### रन फॉर योगा के जरिये की योग सप्ताह की शुरूआत

**रांची।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयुष निदेशालय, राज्य योग केंद्र के द्वारा योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 जुन तक किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन (रविवार) रन फॉर योगा का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत राज्य योग केन्द्र रांची से हुई। इस अवसर पर सीमा उदय पुरी ( आयुष निदेशक), डॉ कृष्ण कुमार (उप निदेशक, आयुर्वेद), डॉ अशोक पासवान (उप- निदेशक होम्योपैथ), डॉ फजुलुस शमी (चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ उमेश चन्द्र भास्कर (प्रभारी पदाधिकारी) समेत अन्य पदाधिकारियों, कर्मचारियों, योग अभ्यासियों एवं अन्य लोगों की भी उपस्थिति थी। रन फॉर योगा कार्यक्रम राज्य केंद्र से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक से होते हुए राम मंदिर, सेंट जेवियर कॉलेज, मिशन चौक से होते हुए प्लाजा चौक से वापस राज्य योग केंद्र में समाप्त हुआ। इसका संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों की उपस्थिति रही जिसमें पुरुषों, विद्यार्थियों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में राज्य केन्द्र में योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। योग सप्ताह के अन्य दिनों में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, योग सत्र के अलावा अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन राज्य केन्द्र में होगा। योग सप्ताह का समापन 21 जून को होगा।

### पीएम के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकले बाहर : सीपी

**रांची।** सुखदेव नगर में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरा होने के अवसर पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि विगत ग्यारह साल में सरकार ने गरीब कल्याण एवं उनके उत्थान के लिये जो कार्य किया, उसका प्रमाण है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकल सके।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चतुर्दिक विकास हो रहा है। मौके पर हेमंत दास ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कि रहा पर चल पड़ा है। अमृत काल कि चर्चा करते हुये कहा कि 2047 में जब देश आजादी का 100वां साल मना रहा होगा तो, विकसित देश के रूप में एक विशिष्ट पहचान बनायेंगे। देश के विरासत को आगे बढ़ाना हो या स्वाभिमान को मोदी सरकार ने देशवासियों का सर ऊंचा किया है।

# जैविक खेती पर जोर, दस हजार किसान होंगे प्रशिक्षित

## जैविक खेती कर रहे किसानों को बाजार उपलब्ध कराने के लिये झारखंड सरकार गंभीर

**ओफाज के अनुसार वर्तमान में राज्य में 20 हजार हेक्टेयर में ऑर्गेनिक खेती का सर्टिफिकेशन करता है, जिसे बढाकर 50 हजार हेक्टेयर करने की योजना है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश-दुनिया में इन दिनों ऑर्गेनिक और प्राकृतिक खेती चर्चा में है। रासायनिक और कीटनाशक का खेती में उपयोग और उससे होनेवाले नुकसान की वजह से लोगों में जैविक खेती और उत्पाद को लेकर जागरूकता और आकर्षण बढ़ा है। ऐसे में, झारखंड में जैविक खेती कर रहे किसानों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। उनके उत्पादों को बाजार मिल सके। इसके लिये रांची में ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड की ओर से क्रेता-विक्रेता मीट का आयोजन किया गया। सूत्रों के अनुसार झारखंड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये दस हजार किसानों को प्रशिक्षित किया जायेगा।



रांची पहुंचे केन्या के इकोलॉजी फोर्टे लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ सेल्वम डेनियल के अनुसार पूरी दुनिया में जैविक खेती चर्चा में है। वर्ष 2030 तक अफ्रीका ऑर्गेनिक चावल का बड़ा बाजार बनने वाला है। आज ऑर्गेनिक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। अगले 10 वर्षों में जैविक खेती से उत्पादित फसलों के बाजार में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना है। इस बाजार में झारखंड कहां रहेगा यह एक बड़ा सवाल है। जैविक उत्पाद के क्षेत्र में केन्या सहित भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता और विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। यहां जैविक खेती की अपार संभावना है।

जानकारी के अनुसार सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। झारखंड के किसानों के लिये एक एसओपी तैयार कर ऐसे राज्यों का दौरा कराना चाहिये। जैविक खेती को लेकर किसानों को मानसिकता बदलने की जरूरत है और ये तभी संभव होगा जब किसान जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे। जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के लिये एफपीओ कारगर साबित होगा। जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे। बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ लेने की सोच को विकसित करने की जरूरत है। एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट मोहैया कराने के लिए ओफाज को कार्य योजना बनाने की जरूरत है। इसमें सब्सिडी के तहत प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने में मदद पहुंचाई जा सकती है। झारखंड जैसे प्रदेश में जहां जमीन को लेकर कई तरह की बाध्यतायें है वहां ऐसे छोटे उद्योग किसानों के आर्थिक मजबूती के लिये मददगार साबित होंगे। कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि मॉडर्न लाइफ में तरह तरह की बीमारियों को लेकर लोगों में जागरूकता आयी है। लोग अच्छा भोजन करना चाहते हैं। इसलिए दुनिया में ऑर्गेनिक फार्मिंग का महत्व बढ़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड पहले से ही उन राज्यों में शामिल है। जहां खेती में फर्टिलाइजर का इस्तेमाल राष्ट्रीय औसत से कम होता है।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
16.06.2025
नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 331



12 इजरायल-ईरान युद्ध समाप्त कराऊंगा : ट्रंप

## न्यूज डायरी

### सोनिया की तबीयत फिर बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की तबीयत रविवार को फिर बिगड़ गयी। उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैस्ट्रोइंटेरोलाजी सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ एस नंदी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा। अस्पताल का कहना है अभी उनकी जांच चल रही है और हालत स्थिर है। सात जून को भी तबीयत खराब होने पर उन्हें शिमला में अस्पताल में भर्ती किया गया था।

### मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के कार्यालय में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके बम होने की धमकी दी, लेकिन यह फर्जी कॉल साबित हुई। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और कॉल करने के मकसद की जांच शुरू कर दी गयी है।

### कोयल नदी में डूबने से बीटेक के छात्र की मौत

**लोहरदगा।** कोयल नदी में डूबने से प्रत्यूष राज उर्फ आर्यन (21) की मौत हो गयी। वह बीटेक का छात्र था और चंडीगढ़ में पढाई करता था। आर्यन अपने चार दोस्तों के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने पुलिस को खबर दी। नदी से निकाल कर उसे सादर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पुणे में नदी का पुल ढहा, दो की मौत, 12 पर्यटक लापता

**मुंबई।** पुणे जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल रविवार को अचानक ढह गया। इस घटना में करीब 24 पर्यटक बह गये। 12 लोगों को नदी में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान दो पर्यटकों की मौत हो गयी। 12 सैलानी अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम खोजने में लगी है।

### अब एआई तकनीक से होगी हाथियों की सुरक्षा

**चाईबासा।** झारखंड में पहली बार रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने एलीसेंस लाइव नामक एआई सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर लागू किया है, जो हाथियों की उपस्थिति का तुरंत पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट करेगा।

### ईरान को भारी कीमत चुकानी होगी : नेतन्याहू

**नयी दिल्ली।** इजरायल और ईरान लगातार एक दूसरे पर जबरदस्त हमले कर रहे हैं। ईरान के मिसाइल हमलों से इजरायल में 13 लोगों की मौत की खबर है। बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को धमकी दी है कि उसे इजरायली लोगों की मौत की भारी कीमत चुकानी होगी। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि जल्द ही इजराइल और ईरान के बीच शांति समझौता हो सकता है।

## कार्टून कोना




अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के ठीक तीन दिन बाद...

# उत्तराखंड में तीर्थ यात्रियों का हेलीकॉप्टर क्रैश, सात की मौत

एजेंसी

**रूद्रप्रयाग/देहरादून।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के ठीक तीन दिन बाद उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड में रविवार को सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर एक हेलीकाप्टर क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गयी। हेलीकाप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को गौरीकुंड वापस ला रहा था। तभी मौसम खराब होने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक लगभग 2 वर्ष की बच्ची भी है। श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे।

प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। अधिकारियों ने पुष्टि की कि क्षेत्र में मौसम बहुत खराब था, जिसकी वजह से हेलीकॉप्टर अपना रास्ता भटक गया और दुर्घटना का शिकार हो गया।


खराब मौसम बना हादसे का कारण...

### चार धाम यात्रा में सभी हेलिकॉप्टर सेवाओं पर अगले आदेश तक रोक

उत्तराखंड सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद चार धाम यात्रा में सभी हेलिकॉप्टर सेवाओं पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के मुख्य सचिव को तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति बनाने का निर्देश दिया। यह समिति हेली संचालन के सभी सुरक्षा और तकनीकी पहलुओं की व्यापक समीक्षा करेगी और नई एसओपी का मसौदा तैयार करेगी। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।

इधर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सभी हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें। अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही की गयी तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतक


1. पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान) 2. विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) 3. विनोद देवी (उत्तर प्रदेश) 4. तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश) 5. राजकुमार सुरेश (गुजरात) 6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) 7. काशी (महाराष्ट्र)

### उत्तराखंड हेलीकॉप्टर दुर्घटना की विस्तृत जांच एएआइबी करेगा

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार की सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की विस्तृत जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

अहमदाबाद विमान हादसा

### पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मैच आज होगी अंत्येष्टि



**अहमदाबाद।** एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री जय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस हादसे में मृतकों के शव इतने क्षत-विक्षत थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल था। इसलिए मृतकों और उनके परिजनों के डीएनए सैंपल के जरिये शवों की पहचान करने का फैसला लिया गया था। विजय रूपाणी के बेटे ने शनिवार को अस्पताल आकर डीएनए सैंपल दिया था। पूर्व सीएम के शव की पहचान होने के बाद पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंप दिया गया। आज राजकोट में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

फादर्स-डे पर सीएम का भावुक पोस्ट

## पिता एक ऐसा वटवृक्ष है...



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूरे देश में रविवार को फादर्स डे मनाया गया। एक ऐसा दिन जब हम अपने जीवन में पिता के योगदान, उनके समर्पण और त्याग को याद करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता झारखंड राज्य निर्माण के अगुआ आंदोलनकारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके दिशोम गुरु शिबू सोरेन को अपने जीवन का आदर्श मानते हुए राज्यवासियों को फादर्स डे की शुभकामनाएं दी।

**सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता पर लिखी भावुक पोस्ट :** उन्होंने एक्स पर अपने पिता के साथ तस्वीर साझा की और अपने जीवन में पिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए लिखा कि पिता एक ऐसा वटवृक्ष है, जिनकी छांव में आत्मविश्वास पलता है और जड़ों से मिली सीख से जीवन का हर पल सार्थक हो जाता है। मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा आदरणीय दिशोम गुरुजी। फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार...

### पिता एक नींव की तरह होते हैं...



पिता एक नींव की तरह होते हैं, जो खुद अडिग खड़े रहकर हमारे सपनों की इमारत को ऊँचाइयाँ देते हैं। संघर्ष चाहे जितने भी हों, पिता की मौजूदगी हौसले की तरह साथ चलती है। फादर्स डे के इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार!

कल्पना सोरेन

रांची पुलिस ने आरोपी हंस यादव और मुन्ना यादव की सड़क पर निकाली परेड

## ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान पर हमला करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कटहल मोड़ में बीते दिनों ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान ऑटो चालक को जाम लगाने से मना करने पर होमगार्ड जवान पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपियों हंस यादव उर्फ पुत्ती और मुन्ना यादव उर्फ अखिलेश यादव को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को सड़क पर परेड भी करायी। पुलिस पर हुए हमले को लेकर काफी आक्रोश था। मामले को एसएसपी ने काफी गंभीरता से लिया था। ट्रैफिक पुलिस पर हमला करने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को सड़कों पर परेड करायी।

गौरतलब हो कि 9 जून को रांची के दलादली ओपी क्षेत्र के कटहल मोड़ में ट्रैफिक जवानों को उस वक्त निशाना बनाया गया था, जब वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे और ऑटो को सड़क से हटाने का निर्देश दे रहे थे। इसी दरम्यान ट्रैफिक जवानों से ऑटो चालक उलझ गए। जिसके बाद ट्रैफिक जवान उसे पकड़ कर ट्रैफिक पोस्ट पर ले जाने लगे। इस क्रम में हंस यादव उर्फ पुत्ती और मुन्ना यादव उर्फ अखिलेश यादव ने ट्रैफिक जवानों पर हमला कर दिया। होमगार्ड जवान रोहित गंझू को पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।



### झारखंड में दो दिनों तक बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट

**रांची।** देशभर में पिछले कुछ हफ्तों से जारी तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि 16 से 19 जून के बीच दक्षिणी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मूसलधार बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने, आंधी और तेज हवाओं के साथ भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

**झारखंड में मानसून :** रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में मॉनसून पूर्व गतिविधियां शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। 17 से 19 जून के बीच मॉनसून के आगमन की परिस्थितियां अनुकूल प्रतीत हो रही हैं। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

राजद प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की स्क्रूटनी में दो उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

## संजय सिंह यादव पुन: बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक संजय कुमार सिंह का एक बार फिर झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड राजद संगठन चुनाव-2025-28 चुनाव में रविवार को स्क्रूटनी के दौरान भारी हो-हंगामे के बीच पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष रहे सदाकत हुसैन अंसारी का नामांकन रद्द होने के बाद विधायक संजय सिंह यादव का फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है।

राज्य निवार्ची पदाधिकारी गिरधारी गोप ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं होने के आधार पर दो नामांकन प्रपत्र रद्द कर दिए गए। सिर्फ संजय कुमार सिंह यादव का नामांकन वैध पाया गया है।

### संजय सिंह यादव का नामांकन पाया गया वैध



झारखंड राजद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इनमें से स्क्रूटनी के दौरान सिर्फ संजय सिंह यादव का नामांकन वैध पाया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप ने स्क्रूटनी के दौरान अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी का नामांकन रद्द कर दिया। राजद संगठन चुनाव 2025-28 के लिए राज्य निवार्ची पदाधिकारी ने संजय सिंह यादव के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने का पत्र जारी किया। पत्र में लिखा कि स्क्रूटनी में दो उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद सिर्फ संजय सिंह यादव ही उम्मीदवार थे, इसलिए उनका निर्विरोध निर्वाचन प्रदेश अध्यक्ष पद पर हुआ है।

### गलत तरीके से नामांकन प्रपत्र हुआ रद्द : अभय

झारखंड राजद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में स्क्रूटनी के दौरान हंगामा के बाद पार्टी कार्यालय से बाहर निकलते हुए अभय सिंह ने कहा कि नामांकन प्रपत्र में राज्य परिषद सदस्य का प्रस्तावक बनना जरूरी नहीं होता है। यहां मनमानी हुई है। नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के सदस्य का हस्ताक्षर नहीं होने पर राज्य निवार्ची पदाधिकारी ने जब सवाल उठाये तो उम्मीदवार अभय कुमार सिंह और उनके समर्थक अजीत कुमार मुकुल ने इसका जोरदार विरोध किया और हंगामा किया। झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष के एक अन्य उम्मीदवार सदाकत हुसैन अंसारी ने भी नामांकन प्रपत्र को रद्द किए जाने को अवैध बताते हुए आलाकमान से शिकायत करने की बात कही है।

प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले पड़ाव पर साइप्रस पहुंचे

## आतंकवाद से निपटने में वैश्विक समझ बढ़ायेंगे : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लानार्का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर पीएम यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं।

श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा होगी।

उसके बाद 16-17 जून को कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच उपलब्ध होगा। उन्होंने लिखा कि साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के साथ बैठक भी करेंगे, जबकि उनकी अन्य द्विपक्षीय बैठकों पर अभी भी काम चल रहा है। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी मुलाकात होगी और वापसी में क्रोएशिया का भी दौरा सुनिश्चित है।

इधर पीएम मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि उनकी यह यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का एक अवसर है। नरेंद्र मोदी डॉट इन पर उन्होंने लिखा यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समझ को प्रेरित करने का एक अवसर भी है। यह यात्रा ऐतिहासिक बंधनों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



**यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा :** यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। साइप्रस जैसे छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना भारत की विदेश नीति में 'मल्टी एलायंस डिप्लोमेसी' की दिशा में एक अहम कदम है। दो दशकों में किसी भारतीय पीएम की यह पहली यात्रा है।

रांची में रन फॉर योगा का आयोजन

## करें योग-रहें निरोग और एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य का दिया संदेश




एजेंसी/खबर मन्त्र संवाददाता

**वाराणसी/रांची।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह की शुरूआत की गई। आयुष विभाग की देखरेख में नमो घाट पर विशेष योग शिविर का आयोजन सुबह छह बजे किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

इधर राजधानी रांची में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयुष निदेशालय, राज्य योग केंद्र की ओर से योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 जून तक किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिन रन फॉर योगा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत राज्य योग केन्द्र, रांची से हुई। रन फॉर योगा राज्य केंद्र से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक से होते हुए राम मंदिर, सेंट जेवियर कॉलेज, मिशन चौक से होते हुए प्लाजा चौक से वापस राज्य योग केंद्र में समाप्त हुई। रन फॉर योगा का संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया।

# मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब टीम रेड को

- रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम येलो को हराया
- मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया फाइनल मैच का उदघाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वॉलीबाल मीडिया कप के रोमांचक मुकाबले में रविवार को टीम रेड ने खिताब जीता। इसका आयोजन रांची प्रेस क्लब ने रांची विवि ग्राउंड में किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया पार्टनर प्रशांत उनिकृष्णन, सन्दीप उनिकृष्णन, रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कन्वेनर राजेश गुप्ता, इंटरनेशनल रेफरी राजेश सिंह, इंडियन वालीबाल एसोसिएशन के कार्यसमिति सदस्य उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, वासुदेब चटर्जी फाउंडेशन के राजीव चटर्जी, रांची जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव संजय ठाकुर, खेलो इंडिया के टेक्नीकल हेड उपेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। मैन ऑफ द मैच प्लेयर्स को डीआईजी चन्दन सिन्हा की घोषणा के अनुरूप 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार टीम रेड के प्रमोद सिंह को दिया गया। वहीं, टूर्नामेंट में बेस्ट स्मैशर के रूप में आरजे अरविंद, बेस्ट सप्लायर के रूप में पंकज सिंह, बेस्ट सर्विसर के रूप में अभिषेक सिन्हा, बेस्ट लिफ्टर के रूप में राजेश सिंह, बेस्ट डिफेंडर के रूप में मोनू कुमार को पुरस्कार दिया गया। वालीबाल टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में वासुदेब चटर्जी स्मृति फाउंडेशन और मीडिया सपोर्ट पार्टनर के रूप में द भास्कर टाइम्स के सन्दीप उन्नीकृष्णन और प्रशांत उनिकृष्णन ने अपना सहयोग दिया। पूरे टूर्नामेंट का लाइव टेलीकास्ट विक्की कुमार की टीम ने किया। जिसे यूट्यूब पर देखा जा सकता है। टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका संजय ठाकुर और उनकी टीम ने बखूबी निभाई। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी 74 खिलाड़ियों को भी रांची प्रेस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने किया।

## शैक्षणिक सहयोग के तहत एसबीयू के शिक्षक व छात्र पहुंचे एआईटी बैंकॉक



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी जगनाथन के नेतृत्व में 21 सदस्यीय दल विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शामिल एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बैंकॉक, थाईलैंड में शैक्षणिक सहयोग के निमित्त पहुंचा। दल में डॉ. संदीप कुमार, अजय कुमार, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. रिया मुखर्जी, डॉ. मीरा वर्मा एवं डॉ. बी. सामंता समेत कई अन्य संकाय सदस्य तथा इंजीनियरिंग व कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स एवं बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम के अंतर्गत शामिल हैं। दौरे के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर होंगे। साथ ही 16 जून से शुरू होनेवाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं ग्लोबल एआई इनोवेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम में भी एसबीयू का दल भाग लेगा। एसबीयू के प्रतिभागियों के लिए खास तौर पर तैयार इन कार्यक्रमों में अकादमिक कौशल, नवाचार एवं अंतर-संस्थागत सहयोग शामिल है। विवि की कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बी.के. दलान और बीओजी सदस्य अनंत जाटिया ने सभी प्रतिभागियों को इस दौरे के लिए बधाई देते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि यह सरला बिरला विश्वविद्यालय के साथ ही पूरे झारखंड के शैक्षणिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना फादर्स डे



**रांची।** पिता के स्नेह और योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से रविवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फादर्स डे को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। जिसमें पिता के महत्व तथा बच्चों के जीवन को आकार देने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने मौके पर अपने विचार रखे और सुंदर गीत और कविता की प्रस्तुति दी जो एक बच्चे के जीवन को परिष्कृत करने में उनकी अमूल्य भूमिका को समर्पित थी। प्राचार्या परमजीत कौर ने अपने संबोधन में एक बच्चे के जीवन में पिता की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार ऐसे आयोजन पारिवारिक बंधन को मजबूत करते हैं तथा टीम वर्क, देखभाल और स्थिरता जैसे मूल्यों का पोषण करते हैं।

## पुस्तक का विमोचन - फादर्स डे के अवसर पर पापा माई हीरो ऐन ऑटो मैन



रांची। फादर्स डे के मौके पर पापा माई हीरो एन ऑटो मैन पुस्तक का विमोचन रविवार को मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय कुमार न्यूरो सर्जन के हाथों किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह किताब समाज के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा, लोगों में यह किताब प्रेरणा देगा। इस मौके पर किताब के लेखक मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन, मोहम्मद हुसैन, शीरी नाज, हनीफा शाहीन, फैजान समेत कई लोग मौजूद थे।

## चैंबर भवन मे परिचर्चा का आयोजन

**रांची।** चैंबर ऑफ कॉमर्स पर्यावरण उप समिति, खनन उप समिति व प्रदूषण उप समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण के मामले में विश्व निशाने पर है विषय पर रविवार को एक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा के शुरुआत में चेंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस विषय पर प्रकाश डाला। इस परिचर्चा के मुख्य अतिथि शशि नंदकुलियार, पूर्व पीसीसीएफ ने इसका उद्घाटन किया और इस विषय पर पर्यावरण से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे पूरे विश्व के चिंता को प्रकट किया। नितेश शारदा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदूषण उपसमिति के चेयरमैन मुकेश कुमार ने किया। मौके पर आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलग, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, आस्था किरण, सदस्य किशन अग्रवाल, आनंद जालान, तेजिविंदर सिंह उपस्थित थे। सोसाइटी ऑफ जिओ साइंटिस्ट के सदस्य आरके सिंह, एचके भांजदेव, आशुतोष मुखर्जी, राकेश कुमार, अतुल कुमार तथा सेंट जेवियर्स कॉलेज की प्रोफेसर मेबेल टोप्पो भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

- विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की है : शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा एवं सचिव सीमा शर्मा ने दीप जलाकर किया। इसके प¤ात छात्रों की सफलता का उत्सव केक काटकर मनाया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग सिलसिला चला, जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 10वीं की खुशी रानी एवं अंजलि द्वारा लंदन ठुमका गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद कक्षा 9वीं की छात्रा मानसी और विशाखा एवं उनके समूह ने तुम तुम गाने पर जोरदार नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में मुस्कान ने पिंगा गीत पर पारंपरिक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा 8वीं की छात्रा आराध्या एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत नागपुरी गीत-चल चल चलके पानी के गगरिया पर लोकनृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में कक्षा 10वीं की छात्रा स्मृति टोप्पो द्वारा प्रस्तुत मिक्स सॉन्ग डांस ने कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार किया। बताते चलें कि मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय की छात्रा शिखा कुमारी ने 95.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया और अपने माता-पिता तथा विद्यालय को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा एवं समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चि? और उपहार भेंट किए गए। इसके प¤ात सभी के लिए भोजन वितरण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के विद्यार्थी रिश्ता शर्मा, सुहानी कुमारी, राज गुप्ता, सागर कुमार सिंह, आर्यन कुमार साहू सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। वहीं, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे भविष्य में भी विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का समापन एक भावुक विदाई गीत और शिक्षकों के आशीर्वाद के साथ हुआ, जिससे समस्त वातावरण भावनात्मक हो गया। यह समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए स्मरणीय और प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, निधि कुमारी, विभा तिग्गा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## वैश्य, ओबीसी के लिए मिल का पत्थर साबित होगा महाधरना : महेश्वर साहू

- झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू के कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया। बैठक में 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले त्राहिमाम महाधरना की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तय किया गया कि पूरे प्रदेश में बैठक एवं जनसंपर्क के माध्यम से जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम की महत्ता को समाज के बीच बताया जायेगा और जाने वाले प्रमुख लोगों को सूचीबद्ध किया जायेगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया जायेगा, जिसकी केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा जल्द ही घोषणा की जायेगी।

इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह हाइकोर्ट के अधिवक्ता सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, संथाल प्रमंडल के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, दिलीप प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता बीरेन्द्र कुमार, संगठन महासचिव कृष्णा साहू, अनिल वैश्य, संगठन सचिव राजेन्द्र साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड के 30 से अधिक विद्यार्थी नीट यूजी में हुए सफल



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के 30 से अधिक छात्रों ने नीट (यूजी) 2025 उत्तीर्ण किया है। यह उत्कृष्ट परिणाम एक बार फिर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और चिकित्सा में भविष्य के नेताओं को पोषित करने की अटूट प्रतिबद्धता की परंपरा को उजागर करता है। शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में यूजीन कीरो (एआईआर 1090) और पीयूष कुमार शामिल हैं, जिनकी लगन और दृढ़ता ने स्कूल को बहुत गौरवान्वित किया है। इन टॉपर्स के अलावा, अमन वर्मा, कौशल केजरीवाल, प्रज्वल कुमार जैसे छात्रों ने भी कई अन्य लोगों के साथ प्रभावशाली रैंक हासिल की है, जो ओपीएस समुदाय की सामूहिक भावना और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस शानदार सफलता पर ऑक्सफोर्ड ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. एस.बी.पी. मेहता ने कहा, आपकी दृढ़ता, अटूट समर्पण और चिकित्सा के प्रति जुनून ने हमारे स्कूल को बहुत गर्व से भर दिया है। अकादमिक निदेशिका, डॉ. सिमी मेहता ने बधाई हुए कहा, हमारे छात्रों की दृढ़ता, कड़ी मेहनत ने वास्तव में हमें गौरवान्वित किया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए जारी नियमावली का विरोध

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए जारी नियमावली के विरोध में झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए रविवार को झारखंड राज्य के सभी आउटसोर्स कर्मचारी सचिवालय से लेकर प्रमंडल/ जिला/ प्रखंड/ अंचल एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालय से हजारों की संख्या में राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन में उपस्थित हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि इस नियमावली में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है।

## श्री श्याम मन्दिर में रक्तदान शिविर

**रांची।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गौरव परसरामपुरिया, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, राजेश सारस्वत, अभिषेक डालमिया, नितेश केजरीवाल, अमित जालान, मनोज सिंघानिया का सहयोग रहा।

## खबर एक नजर में

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा भंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग में रविवार को 211वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई। इस अवसर पर-ट्रस्ट के डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, प्रवीण मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, अदिति मेवाड़ा, ग्रवित मेवाड़ा, अयांश मेवाड़ा, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, आशीष कुमार, सूरज कुमार, सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### रातू रोड कॉरिडोर का नाम शहीद गणपत राय हो : मिश्रा



**रांची।** सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति के प्रदेश प्रवक्ता डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा ने रातू रोड फ्लाईओवर का नामकरण झारखंड के शहीद पांडे गणपत राय या शहीद विश्वनाथ शाहदेव के नाम से करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के पूर्व गली के सामने साइन बोर्ड में जो विसंगतियां हैं उसको दूर करते हुये गली के सामने सही नाम से साइन बोर्ड लगाया जाये। साइन बोर्ड में जो नाम लिखें वह दोनों छोर से होनी चाहिये। ताकि बाहर से आने-जाने वाले लोगों को गली पहचान में दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि रातू रोड फ्लाईओवर का नामकरण झारखंड के शहीद जो गैर आदिवासी सदान हैं। इस मुद्दे में पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी सांसद और विधायक इस पर राजनीतिक नहीं करते हुये रातू रोड फ्लाईओवर को शहीद पांडे गणपत राय या शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम से नामकरण किया जाये।

### रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण बिनोद बिहारी महतो के नाम पर हो : हिमांशु कुमार



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी नेता हिमांशु कुमार ने राजधानी रांची के रांची में रातू रोड में बनकर तैयार हुए फ्लाइओवर का नाम बिनोद बिहारी महतो के नाम पर करने की मांग की है। ज्ञात हो कि अगामी 19 जून को इस फ्लाईओवर का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी द्वारा होना निर्धारित है। बिनोद बाबू के जीवन वृतांत और झारखंड के लिए किये गए उनके गौरवशाली इतिहास को देखते हुए रातू रोड फ्लाईओवर का नाम बिनोद बाबू के नाम पर किये जाने से झारखंड की जनता के बीच अच्छा संदेश जाएगा।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत का आयोजन



**रांची।** विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में संसीमित 05 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। अभिजीत कुमार वर्मा, पिता स्व0 छोटू राम को को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मनीष कुमार सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, कारापाल, काराकर्मी, अधिवक्तागण, न्यायालयकर्मी, पीएलवी तथा बंदीगण उपस्थित थे। मौके पर जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियो को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी मनीष कुमार सिंह व अन्य के द्वारा दी गई।

### गुरुनानक सेवक जत्था ने जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण



**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था ने रविवार को कांके प्रखंड के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में खलारी रोड पर स्थित मेड़ी गांव में जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। जत्था के सदस्य रातू रोड गुरुद्वारा से दोपहर दो बजे चार पहिया वाहन में पाठ्य सामग्री लेकर ठाकुरगांव पहुंचे और मेड़ी गांव के स्कूल के शिक्षक प्रदीप कुमार के सहयोग से बस्ती में जाकर एक सौ जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर समेत अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण कर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस मौके पर ठाकुरगांव थाना के प्रभारी विनीत कुमार ने जत्था को इस कार्य में सहयोग किया और इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। मौके पर महेंद्र अरोड़ा, सूरज झंडई, हनी सिंह, आयुष पपनेजा, करण अरोड़ा, वंश डावरा, रूद्र गिरधर, अमन डावरा और आयुष खत्री मौजूद थे।

# बायोम के छात्र सिद्धार्थ एआईआर 373 के साथ बने सिटी टॉपर

- विक्ट्री रैली में दिखा मेडिकल स्टूडेंट्स का उत्साह, शामिल हुए हजारों छात्र-छात्राएं
- संस्थान के 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित विक्ट्री रैली में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के सफल छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। यह रैली बायोम इंस्टीट्यूट नगड़ा टोली से हरिओम टावर तक गई। वहीं बायोम इंस्टीट्यूट शिवपुरी हिनू से भी रैली निकाली गई, जो हिनू चौक तक गई। बता दें बायोम इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही देश के जाने-माने मेडिकल कॉलजों में नामांकन का रास्ता साफ कर लिया है। इसमें बायोम इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनाई है। वे संस्थान में दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र हैं। इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, मोहम्मद ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मोहम्मद तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी, जिसमें से 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने सभी प्रकार के डाउट को दूर करने में मदद की, पैटर्न के अनुसार बेहतरीन स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराया गया, लगातार मॉक टेस्ट लेकर गलतियों को सुधरवाया गया। वहीं रिजल्ट आने के बाद संस्थान में उत्साह और उमंग का माहौल नजर आया। सफल छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी संस्थान पहुंचे।

**रैंकर, रेसर और रनर बैच का शानदार प्रदर्शन :** बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। रैंकर, रेसर और रनर बैच के 115 छात्र-छात्राएं नीट यूजी की परीक्षा में शामिल हुए, इसमें 103 छात्र-छात्राओं ने क्वालीफाई किया है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें संस्थान का टारगेट बैच 26 जून से, फाउंडेशन बैच 3 जुलाई से, लक्ष्य बैच 3 जुलाई से शुरू होगा।

### कठिन पेपर के बावजूद भी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है : पंकज सिंह

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि नीट यूजी 2025 की परीक्षा में कठिन पेपर थे। इसके बावजूद भी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कई स्टूडेंट्स ने झारखंड के टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को देश के जाने-माने मेडिकल कॉलेजों में नामांकन का अवसर मिलेगा। नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं। विद्यार्थियों के बेहतर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। नियमित रूप से क्लासरूम टेस्ट सीरीज और ऑल इंडिया लेवल टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# ब्रदर्स एकेडमी में सेमिनार आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी ने विगत 13 वर्षो से रांची शहर में आईआईटी-जी (मेन/एडवांस्ड और नीट के परिणामों में नए मानक गढ़ कर शहर को प्रतिष्ठित किया है। आज हम आईआईटी एडवांस्ड एंड नीट ऐचीवर्स-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान की सफलता को एक सेमिनार के माध्यम से आप सभी के साथ साझा कर रहे हैं।

सेमिनार में आईआईटी -जी एडवांस्ड 2025 के टॉपर साहिल (ऑल इंडिया रैंक - 938), आनंद (रैंक - 987) और झारखंड नीट टॉपर हिमांशु (ऑल इंडिया रैंक -134) उपस्थित थे। इन सफल छात्रों ने 1000 से अधिक छात्रों के समूह को आईआईटी जी व नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र दिये।

साहिल ने कहा कि शिक्षकों द्वारा सुझाए मार्ग पर सघन स्वाध्याय ही लक्ष्य पाने का एकमात्र सरल और सुगम सूत्र है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित करते हुए कहा कि आईआईटी व नीट में दाखिले के सपने को मूर्त रूप देने में ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही।

सेमिनार में एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें इन सफल छात्रों ने आगामी वर्ष के आईआईटी जी व नीट अभ्यर्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर अत्यंत सटीक और परिपक्व तरीके से दिए।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, शुभेंदु शेखर और प्रेम प्रसून ने तमाम सफल छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और अगामी जीवन के लिए शुभकामना भी दी।

सफलता की कहानियां समाज में भावी पीढ़ी को सफलता की ओर प्रेरित करती हैं। सफल बच्चों के फोटोग्राफ और उनकी सफलता की कहानी को समाज तक पहुंचाने में मीडिया हाऊस की अग्रणी भूमिका रही है।

# रिक्शा चालक शनि राम की हत्या में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची**। चुटिया थाना की पुलिस ने रिक्शा चालक हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल संजय सिंह उर्फ जिलू (महावीर सिंह पता पटेल कम्पाउंड, थाना चुटिया), बिनू लोहरा (पंजाबी भवन के बगल में ओवरब्रीज, थाना चुटिया) और राजा केरकेट्टा (स्थायी पता-लाह फैक्ट्री रोड हिन्दपिढ़ी, थाना हिन्दपीढ़ी, जिला रांची वर्तमान पता ईलाही नगर, थाना पुन्दाग ओपी) को गिरफ्तार की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज चुटिया के नीचे हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात व्यक्ति की पत्थर से मारकर हत्या अपराधियों ने की थी। पुलिस के अनुसंधान में मृतक की पहचान डोरंडा थाना अंतर्गत मनी टोला में रहनेवाले रिक्शा चालक शनि राम के रूप में की गई थी। इस हत्याकांड के उदभेदन के लिए सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने कांड में अपनी-अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया कि 24 मई 2025 को दोपहर में पंजाबी भवन के पास संजय सिंह के साथ खड़े एक बच्चे की टी-शर्ट शनि राम (मृतक) ने छीन ली थी। इसे लेकर संजय सिंह का शनि राम से वाद-विवाद हो गया और शनि राम (मृतक) ने संजय सिंह को मारकर जख्मी कर दिया था। इसी बात को लेकर संध्या में करीब साढ़े पांच बजे शनि राम जब रेलवे ओवरब्रीज के नीचे दुकान की छत पर लेटा था तब उसी बीच संजय सिंह अपने दोस्तो बिनू लोहरा और राजा केरकेट्ट के साथ मिलकर गुस्से में ईंट पत्थर से मारकर हत्या कर दी एवं छत से नीचे गिरा दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर को बरामद किया है।

## 2,57,200 रुपये और घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त

# बुजुर्ग के बैंक खाता से अवैध निकासी करनेवाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची**। साईबर थाना की पुलिस ने तीन लाख 26 हजार रूपये की अवैध निकासी करने के मामले में दो साईबर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त प्रशांत खिलार और रूपेश खिलार आपस में सगे भाई हैं। दोनों चाईबासा के नोवामुंडी थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। पुलिस ने इन दोनों के पास से दो लाख 57 हजार दो सौ रूपये जब्त की है।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि एचईसी कॉलोनी, सेक्टर-1 ,धुर्वा के रहनेवाले 81 वर्षीय चुंडा पुर्ती ने 25 अप्रैल को साईबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि 05 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 के बीच उनके दो बैंक खातों से 03 लाख 26 हजार 278 रूपये की अवैध निकासी की गई है। इस कांड को गंभीरता से लेते हुये पुलिस को कांड के अनुसंधान में तकनीकी साक्ष्य से जानकारी मिली कि पीड़ित व्यक्ति चाईबासा के कुचीबेडा गांव के जिस ग्राहक सेवा केंद्र से पैसा निकालते थे, उसके संचालक प्रशांत खिलार अपने भाई रूपेश खिलार के साथ मिलकर वादी के पैतृक ग्राम कुचीबेडा के दोनों बैंक के एटीएम कार्ड का फोटों ले लिये एवं बैंक से रजिस्टर्ड एवं बैंक से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का पोर्ट कोर्ड लेकर दूसरे व्यक्ति के नाम से सिम को पोर्ट करा लिया। उसके बाद अपनी दुकान के एक मोबाईल फोन में सिम लगाकर वादी का यूपीआई बना लिया एवं वादी के खाते से 3,26,278 रुपये की अवैध निकासी कर ली। प्रशांत खिलार ने वादी के खाता से दो लाख रुपये अपने भाई रुपेश खिलार के खाता में ट्रांसफर किया था। साईबर पुलिस उपाधीक्षक के निर्देशन में मनीषा कुमारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें छापामारी टीम के द्वारा अभियुक्त प्रशांत खिलार और रुपेश खिलार को गिरफ्तार किया गया है। इनके निशानदेही पर 2,57,200 रुपये तथा घटना में उपयोग किये गये मोबाईल फोन को बरामद किया गया है। शेष राशि को अभियुक्तों के द्वारा अपने सीएसपी के ग्राहकों एवं अपने परिचितों के खाता में ट्रांसफर किया गया है। पुलिस टीम में पुनि मनीषा कुमारी, पुनि कुमार गौरव, पुनि पंकज कुमार, पुनि कविता मंडल, पुनि राहुल कुमार मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# दबाव देकर पत्नी से गलत बयान लेने का प्रयास करना अनुचित और गैर कानूनी : लंबोदर महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची**। रिम्स में पंचायत सेवक सुखलाल महतो की मौत पर पूर्व विधायक डां लंबोदर महतो ने कहा है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। मृतक पंचायत सेवक सुखलाल महतो ने डुमरी प्रखंड परिसर में डुमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना व अन्य तीन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया था और इसके लिए इन्हीं लोगों को दोषी व जिम्मेवार बताया था। जहर खाने के बाद इलाज के लिए उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। निधन के बाद उनके पूर्व में दिए गए बयान और उनकी पत्नी के दिए गए बयान को बदलने का प्रयास स्थानीय पुलिस द्वारा किया जा रहा था। जब मृतक ने पूर्व में ही अपना बयान दर्ज कर दिया है तो अब उनके मरने के बाद दबाव देकर उनकी पत्नी से गलत बयान लिया जाना पूरी तरह अव्यावहारिक, अनुचित और गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। यह पूरी तरह से हत्या का मामला है। उन्होंने रिम्स में जहां मृतक को श्रद्धांजलि दी वहीं परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

## चुटिया के तालाबों का जीर्णोद्धार हो: आदित्य

**रांची**। आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आदित्य विक्रम जयसवाल ने चुटिया के वार्ड- 14 में महिला सशक्तीकरण एवं क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दों पर बैठक की और भ्रमण कर समस्याओं को जाना। इन क्षेत्रों में पानी की किल्लत, सड़कों की खराब स्थिति, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, कचरा निरंतर रूप से ना उठाया जाना जैसी समस्याओं दिखी। आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि राजनेता को स्वार्थ की राजनीति छोड़कर जनता के हित के बारे में सोचना होगा। यहां के कई तालाबों का जीर्णोद्धार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने पूरे शहर को नरक बनाकर रखा है। आदित्य विक्रम ने बताया कि नगर आयुक्त अच्छे व्यक्ति हैं और शहर के लिए कार्य करना चाहते हैं। उनकी पहल पर हम साथ मिलकर कार्य करना चाहेंगे।

# रथयात्रा में विहिप-बजरंग दल के पांच सौ कार्यकर्त्ता विधि व्यवस्था में करेंगे सहयोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची**। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल, दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में 27 जून से होने वाले रथयात्रा मेला में विधि व्यवस्था में सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जगन्नाथपुर स्थित नीलाद्री भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल, दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति के संयुक्त तत्वावधान में जगन्नाथपुर में यात्रा के दौरान सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा शिविर का उद्घाटन आगामी 26 जून संध्या 4:00 बजे होगा। बैठक में उपस्थित बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि इस वर्ष लगभग 500 से अधिक बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रातः 05 बजे से ही सेवा कार्य में लग जाएंगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न पालियों मुख्य मंदिर से लेकर मौसी बाड़ी तक प्रभु जगन्नाथ स्वामी के सेवा में तैनात रहेंगे। इस वर्ष विहिप-बजरंग दल एवं दुगार्वाहिनी-मातृशक्ति की बहनों का एक विशेष ड्रेस कोड होगा।

## यूपीएससी की आरटी-थ्री की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**रांची**। आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित आरटी-थ्री की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी निभाया है। विशेष कर परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु की। परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक ने आयुक्त को अवगत कराया कि इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड में ब्लैक वॉल पेन का ही प्रयोग करने का स्पष्ट रूप से निर्देश प्राप्त होने के बावजूद लगभग 100 से अधिक परिक्षर्थियों द्वारा ब्लैक पेन नहीं लाया गया था। उनकी भविष्य की चिंता करते हुए केंद्र द्वारा तुरंत सभी परीक्षार्थियों को ब्लैक वॉल पेन उपलब्ध कराया गया।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को 47 लाख की लागत से रांची शहर में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड 47 नामकुम में संस्कार नगर में 17 लाख की लागत से पीसीसी पथ, नामकुम साइप्रस इंटरनेशनल स्कूल की गली पीसीसी पथ का शिलान्यास 17 लाख, महादेव मंडा चुटिया में 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, भगवान बिरसा मुंडा पुरानी जेल में 15 लाख की लागत से आदिवासी सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि रांची का विकास पहली प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास किया जायेगा। इसके लिये हम सभी तत्पर हैं। इस दौरान विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पदमश्री मुकुंद नायक, मदन केसरी अनीता वर्मा, रवि मुंडा, राज कुमार महतो, नवीन सोनी, पिंटू सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीआइटी मेसरा का किसी के साथ भी कोई विवाद या दुश्मनी नहीं : प्रबंधन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। बीआईटी मेसरा प्रबंधन ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामले पर अपना पक्ष रखा। प्रबंधन ने बताया कि बीआइटी मेसरा का किसी के साथ भी कोई विवाद या दुश्मनी नहीं है। अनुसंधान सुविधाओं में सुधार लाने के लिए हमें सुरक्षा एवं अन्य कारणों को देखते हुए बाउंडरी वॉल (चारों ओर दीवार बनाने) की जरूरत है। इसी के मद्देनजर हम अपने परिसर की सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेसरा सैकंड टॉप रैंकिंग का इंजीनियरिंग संस्थान है। यह झारखंड से एकमात्र यूनिवर्सिटी है, जिसे एनआरईआरएफ में शामिल किया गया है। बीआईटी मेसरा देश का पहला संस्थान है, जहां स्पेस, इंजीनियरिंग एवं रॉकेटरी के नाम से एक विभाग है। इस विभाग की स्थापना 1964 में यानि इसरो की स्थापना से भी पहले की गई थी। इन सभी पहलुओं के बावजूद रैंकिंग बढ़ाने के लिए संस्थान को सुविधाओं में सुधार लाने की जरूरत है। संस्थान को क्लासरूम, अनुसंधान सुविधाओं एवं रिहायशी सुविधाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए नए स्टाफ एवं छात्रों के लिए अपनी सुविधाओं को बेहतर बनाने की भी आवश्यकता है। सुरक्षा इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, जो हमारे लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है।

सुरक्षा में कमी हमारे सुधार को प्रभावित कर रही है, इसका असर न सिर्फ हमारी रैंकिंग पर हो रहा है, बल्कि इससे राज्य के नाम को भी नुकसान पहुंच रहा है। कल जो स्थिति सामने आई, वह सिर्फ इसलिए है कि बीआईटी मेसरा ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपनी बाउंडरी वॉल (सीमा की दीवार) का काम शुरू किया। वास्तव में जमीन को लेकर कोई विवाद या भ्रम की स्थिति नहीं है। हमारे पास बीआईटी मेसरा से जमीन के सभी दस्तावेज हैं।

## बुर्जुग से पैसा लूटने वाला गिरफ्तार

**रांची**। लोअर बाजार थाना की पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर बुर्जुग व्यक्ति से पैसा लूटने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त रागीब नदीम उर्फ गोलू हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के ग्वाला टोली का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से लूटे हुए पांच हजार रूपये और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा जब्त की है।

इस मामले में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 13 जून को हिंदपीढ़ी के राईन मोहल्ला में रहनेवाले वादी सरताज आलम ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें पुलिस को बताया गया कि वादी के मामा बब्बन उर्फ कोका जो मानसिक रूप से पूर्ण रूपेण स्वस्थ नहीं है, इनके साथ 9 जून की रात्रि करीब 12 बजे राधिका होटल के सामने चर्च रोड में तीन लड़को ने मिलकर इनके मामा के पास रखा करीब 15 हजार रूपया छीन लिया था।

## खबर एक नजर में

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**रांची**। अरगोड़ा थाना अंतर्गत आनंदपुरी चौक में रहनेवाली जुली देवी ने घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप हारो राय, प्रिंस कुमार, रौशन कुमार, अंशु कुमार व सुनैना देवी पर लगायी है। इस संबंध में उन्होंने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

### ब्राउन शुगर सहित स्कूटी सवार गिरफ्तार

**रांची**। लोअर बाजार थाना की पुलिस ने नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त गुलजार अली हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नेजाम नगर गली नंबर-चार का रहनेवाला है। पुलिस ने इसके पास से 28.66 ग्राम ब्राउन शुगर (162 पीस पुड़िया), नगद 42 हजार, तीन सौ रूपया, सुजुकी बर्गमैन स्कूटी (जे एच 01 एफ एक्स - 9333) और वन पलस कंपनी का स्मार्ट फोन जब्त की है। इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा प्रधान मंत्री आवास इस्लामनगर के पीछे बने झोपड़पट्टी में छापामारी में की गई। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियो में स्कूटी पर सवार एक युवक गुलजार अली को पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा युवक की विधिवत तलाशी ली गयी तो पकड़ाये युवक के पास से ब्राउन शुगर बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्त में आये अभियुक्त ने बताया कि वह बिहार से ब्राउन शुगर लाकर बिक्री करता है। सासाराम के एक कारोबारी के शामिल रहने की बात प्रकाश में आई है।

### रांची रेलवे स्टेशन से 56 किलोग्राम गांजा जब्त, चार अभियुक्त गिरफ्तार



**रांची**। रेल सुरक्षा बल, रांची, फ्लाइंग टीम, रांची व सीआईबी, रांची द्वारा निरीक्षक शिशुपाल कुमार के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को एक विशेष तलाशी अभियान 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर चलाया गया। इस दौरान नशीली वस्तुओं की अवैध ढुलाई को रोकने के लिए ट्रेन सं. 15027 एक्सप्रेस (संभलपुर-गोरखपुर) के आगमन पर प्लेटफार्म सं. 01 पर सघन चेकिंग की गई। ट्रेन के कोच ए-1 में सीट संख्या- 15 और 17 पर बैठे संदिग्ध युवकों की तलाशी ली गई, जिनके पास भारी भरकम ट्रॉली बैग थे। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अरविंद यादव (देवीपुर कोइरी टोला, थाना - धनहा, जिला - पश्चिम चंपारण, बिहार), विकाश कुमार (चतुरपत्ती, थाना - पारू, जिला - मुजफ्फरपुर (बिहार), पंकज कुमार और जयराम कुमार (दोनों निवासी - चतुरपट्टी, थाना - पारू, जिला - मुजफ्फरपुर, बिहार) बताया। इस सूचना को एएससी, आरपीएफ रांची को दी गयी। आरपीएफ के निर्देश पर विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए उनकी तलाशी वं बैग की जांच की गई। जिसमें कुल 56 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित बाजार मूल्य पांच लाख साठ हजार रुपए है। मौके पर चारों अभियुक्तों को रांची जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया।

## 10वीं-12वीं में 70% से अधिक नंबर लाने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

# 23 जून को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा ऐतिहासिक : आलोक दूबे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि पासवा की ओर से राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 23 जून को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस दौरान मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा (सीबीएसई आईसीएसई तथा जैक बोर्ड) में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि उनका मनोबल बढ़ाकर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का मूल्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक रूप से पहचान,सम्मान और प्रोत्साहन देना है। यह केवल एक पुरस्कार वितरण समारोह नहीं है, यह उन विद्यार्थियों के प्रति राज्य की ओर से सैल्लूट है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सामाजिक दबावों के बावजूद अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर बोर्ड परीक्षाओं में 70% या उससे अधिक अंक अर्जित किया।

वहीं, पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि सिर्फ सर्वोच्च अंक लाने वाले ही नहीं बल्कि, किसी कारण से कुछ नंबर कम लाने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करने की आवश्यक्ता है।

प्रदेश महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पासवा की पूरी टीम इस जिम्मेवारी को निभाने के लिए छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने को पूरी तरह तैयार है। राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा ने कहा कि पासवा वॉलिंटियर्स सभी स्कूलों का दौरा कर छात्रों की सूची तैयार कर रही है, ताकि उनके सम्मान के लिए पूरी तैयारी मुकम्मल की जा सके। उन्होंने कहा सम्मान समारोह को लेकर जितने उत्साहित बच्चे हैं उतना ही उमंग और उत्साह अभिभावकों एवं स्कूल के शिक्षकों के अंदर में भी देखने को मिल रहा है। सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए पासवा के कोर कमेटी की विशेष बैठक सोमवार को होगी। इसमें पासवा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी तथा आयोजन के सफल संचालन के निर्णय लिये जाएंगे।

# एक्वा वर्ल्ड में फादर्स डे पर डैडी-बच्चों ने मचाया धमाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची**। एक्वा वर्ल्ड में आयोजित समर कार्निवाल का रविवार को अंतिम कार्यक्रम फादर्स डे स्पेशल का भव्य आयोजन हुआ। डैडी और बच्चों ने जमकर एक्वा वर्ल्ड में धमाल मचाया। बेस्ट फादर प्रतियोगिता हुई। पहले डैडी को अपने बच्चों के साथ रैंप वॉक करना था। फिर डांस करना था। फिर, सवाल- जवाब राउंड था। इसमें पिताओं को बच्चों की पसंद नापसंद आदि चीजों से संबंधित प्रश्न किये गये। बच्चों ने अपने पापा के साथ, पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा, ए... पापा मेरे पापा आदि गीतों पर जमकर डांस किया। इसके पूर्व दीपांजलि ग्रुप के बच्चों के द्वारा फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। बच्चों ने तेरी लाडली में उंगली पकड़ के चलना सिखाया तुमने आदि गीतों पर शो डांस प्रस्तुत किया। कलाकारों में कृतिका, अविआ साहू, अभिशा साहू, कृशिका बसु, अपूर्वा मुंडा आदि थे। कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार ने किया। समर कार्निवल श्रृंखला के समापन के अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, दीपांजलि के निदेशक विपुल नायक, कार्यक्रम संयोजक देवज्योति नाहा, आनंद नायक, साहिल आदि उपस्थित थे।




# नौ सेना का बल

भारतीय रक्षा बलों की ताकत को और मजबूत करने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की मीटिंग में करीब 54,000 करोड़ की लागत वाले 8 बड़े रक्षा सौदों को मंजूरी दी गई है। ये सभी सौदे भारत में ही बनाए गए हथियारों और उपकरणों से जुड़े हैं। सेना के लिए, सरकार ने टी -90 टैंकों के लिए नए और ज्यादा ताकतवर 1350 हॉर्स पावर इंजन की खरीद को हरी झंडी दी है। अभी इन टैंकों में 1000 एचपी इंजन है, लेकिन नए इंजन लगने से इन टैंकों की ताकत और स्पीड, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में, काफी बढ़ जाएगी।

नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए, डीएसी ने भारत में ही बने वरुणास्त्र टॉरपीडो खरीदने की मंजूरी दी है। ये टॉरपीडो दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाने में बेहद असरदार हैं। इनकी खरीद से नौसेना की सुरक्षा क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। वायुसेना के लिए भी ऊअउ ने खास विमान प्रणाली एईडब्लू एंड सी की खरीद को मंजूरी दी है। ये सिस्टम आसमान से दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रख सकते हैं और बाकी हथियारों की ताकत को कई गुना बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, एक और अहम फैसले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने करीब 7,000 करोड़ की लागत से भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक एटीजीएस तोपें खरीदने की मंजूरी दी है। ये तोपें पूरी तरह से भारत में डिजाइन और तैयार की गई हैं। इससे देश में रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया को और बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने 2025 को ईयर ऑफ रिफोर्म के तौर पर मनाने का फैसला लिया है। इसी के तहत रक्षा खरीद प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए नए दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। इससे पूरी प्रक्रिया और तेज और असरदार होगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 साल : नये भारत का अमृतकाल


**विकसित भारत का बेस बनाया संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड : शाह।**
**मोदी का नेतृत्व अकल्पनीय-अद्वितीय- जेपी नड्डा।**
**रक्षा मंत्री बोले- मोदी के नेतृत्व में भारत का अभूतपूर्व विकास।**



**नरेंद्र** दामोदर दास मोदी ने 11 साल पहले संसद के चरणों में नमन करते हुए जो संकल्प व्यक्त किया था, उनमें भी नये भारत के निर्माण के साथ-साथ उनकी भविष्य की यात्रा के संकेत थे। उन्होंने अपने संकल्पों की सिद्धि के साथ देश को लगातार आगे बढ़ाया है और राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिये। सबका साथ सबका विकास गरीब कल्याण की अनूठी मिसाल पीएम मोदी के कार्यकाल की यह समृद्ध यात्रा राष्ट्र के विकास, मूलभूत समस्याओं के समाधान और वैश्विक छवि को ऊपर उठाने की रही। 9 जून को पूरा हुए मोदी सरकार 11 साल नये भारत का अमृतकाल भी कहा जा रहा है। इन वर्षों में भारत में कई बड़े बदलाव हुए। कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गयीं, जिससे देश प्रगति की राह पर निकल पड़ा। आमजन के जीवन की तस्वीर बदल गयी। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को मजबूत किया। इसकी सटीकता और संयम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने खुलकर तारीफ की। मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पिछले साल, उन्होंने तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद 9 जून को लगातार तीसरी बार पीएम के रूप में शपथ ली थी। इन वर्षों में भारत में कई बड़े बदलाव हुए। कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गयीं, जिससे देश प्रगति की राह पर निकल पड़ा। आमजन के जीवन की तस्वीर बदल गयी।

### सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण रहा मंत्र

पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 साल यह यात्रा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित रही। मोदी सरकार में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। 2014 में भारत आर्थिक मोर्चे पर 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जो चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों तक पहुंची, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया, जबकि जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहा, जिसमें 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिये गये और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी। आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। विदेश नीति में भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती साख ने देश को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया।


**अविनाश ठाकुर**
(संपादक)

### दिखायी दुनिया को अपनी ताकत

अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, भारत में नागरिकता कानून (सीएए) बनाना, तीन तलाक जैसे अमानवीय कानूनों को खत्म करना, मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए वक्फ संपत्ति का उपयोग करने हेतु वक्फ संशोधन विधेयक लाना जैसे निर्णय सरकार के संकल्प के कारण ही हो सके। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में भी मोदी सरकार संकल्प दिख। बालाकोट के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया को भारत की ताकत दिखायी। पहलगाम में आतंकियों ने बहनों के सामने उनके सिंदूर पोंछ दिये थे। पीएम मोदी के आह्वान पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सिद्ध किया कि यह नया भारत है, जो राष्ट्र के सम्मान, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता के लिए घर में घुसकर भी मारना जानता है।

### दुश्मन को घर घुस कर मारा

पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी। भारत ने इस कायराना हमले का जवाब कूटनीतिक और सैन्य तरीके से पाकिस्तान को दिया। 07 मई को भारत ने हमले के पीछे छिपे आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की।

भारत ने लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकानों को निशाना बनाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया और 100 से अधिक आतंकियो को मार गिराया। भारत ने 07, 08 और 09 मई 2025 को भारतीय शहरों और सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में लाहौर की वायु रक्षा प्रणालियों को निष्क्रिय करने सहित पाकिस्तान की वायु रक्षा क्षमताओं को बेअसर करने के उद्देश्य से कामिकेज ड्रोन तैनात किये। भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने आने वाले सभी खतरों को सफलतापूर्वक रोक दिया। इसके अलावा देश की सुरक्षा हित में भारत की दूसरी अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस अरिघाट, 29 अगस्त, 2024 को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल की गयी।

### जवाबी हमला मील का पत्थर

9 और 10 मई 2025 की रात को भारत का जवाबी हमला ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ, जब पहली बार किसी देश ने परमाणु हथियार संपन्न देश के हवाई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। तीन घंटे के भीतर भारत ने नूर खान, रफीकी, मुरीद, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चिनियन, सरगोधा, स्कार्दू, भोलारी और जैकोबाबाद सहित 11 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तान की 20फीसदी वायु सेना की संपत्ति को नष्ट कर दिया। वहीं चीन के साथ भी एक समझौते पर पहुंचे, जिसके बाद दिसंबर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की कि सैन्य वापसी 'पूरी तरह से हासिल हो गई है' और व्यापक द्विपक्षीय आदान-प्रदान पर चर्चा की जा रही है। सालों से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया।

### वैश्विक सम्मान

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को मजबूत किया। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ जैसे मंचों पर भारत का पक्ष रखा, जिसने वैश्विक कूटनीति में भारत की स्थिति को और सशक्त किया। इनमें शशि थरूर और ओवैसी जैसे धुर भाजपा विरोधी नेता भी थे, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत और मोदी सरकार की ओर विश्व मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करने में बड़ी भूमिका निभायी। सभी नेताओं ने ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत किया, जिससे इसे एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में मान्यता मिली।

### दुनया में भारत की बढ़ी साख

मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल का पहला साल (जून 2024-जून 2025) भारत के लिए रणनीतिक, सामाजिक और वैश्विक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। ऑपरेशन सिंदूर, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख ने इस अवधि को परिभाषित किया। इसने देश को विकसित भारत के पथ पर और मजबूती से अग्रसर किया। मोदी सरकार ने सरकार ने मेक इन इंडिया के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों के उपयोग की झलक दिखी। टेक्नोलॉजिकल संप्रभुता पर जोर देते हुए, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास को प्राथमिकता दी गयी।

### 11 साल के 11 साल ऐतिहासिक फैसले

उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना , जन धन योजना, पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना, वय वंदनयोजना, किसान सम्मान निधि, पीएम कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, सौभाग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना एवं पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना। आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज करवाकर उन्हें वित्तीय संकट से बचाया। दूसरी स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालय बनाकर खुले में शौच को लगभग समाप्त किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता और महिलाओं की गरिमा बढ़ी।

तीसरी डिजिटल इंडिया ने यूपीआइ के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया, जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेनदेन दर्ज किये। चौथी मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया, जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। पांचवीं, जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया, जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी।

(जारी)

# धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण



**जनवरी** 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्रीराम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दशार्ती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।


**- गजेन्द्र सिंह शेखावत**

> तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दशार्ती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट थाः भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और ह्मन की बातह्व के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। ह्विकास भी, विरासत भीह्व के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावे और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं। राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है।

## लेटर टू एडिटर

### जीवों की चिंता

जंगली जानवर रहवासी बस्तियों के निकट इसलिए आते हैं क्योंकि उनके जंगलों में पानी, आहार और विचरण क्षेत्र की कमी हो रही है। जंगल के आसपास शोरगुल और छेड़छाड़ से उनका स्वभाव गुस्सैल हो जाता है, जिससे वे हमले कर सकते हैं। तेंदुए-बाघ जैसे जानवरों से संघर्ष में जान बचाने वालों को तात्कालिक सहायता बढ़ानी चाहिए। कुओं पर मुंडेर व जाली लगाकर दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी आवश्यक है। जंगल और जानवरों की देखभाल हम सबका कर्तव्य है।

**संजय वर्मा,रांची**

### नैतिक पतन

फरीदाबाद में एक पिता द्वारा अपने चार बच्चों संग आत्महत्या करना बेहद हृदयविदारक है। निजी तनाव और शक के चलते मासूमों की ज़िंदगी छीन लेना अमानवीय है। बच्चे न झगड़े समझते हैं, न रिश्तों की जटिलता। ऐसे कृत्य की परिणति पारिवारिक विवाद नहीं, हत्या है। यह हत्या और नैतिक चेतना का पतन है।

**विक्रम बिजराणियां, सुरसू अनगड़ा**

### गर्मी का प्रकोप

बढ़ती गर्मी आज मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि और जल संसाधनों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में लू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**- रवि रांची**

## X ट्वीट

मैंने विधानसभा में आवाज उठाई थी की 17 हजार करोड़ वाले भारी भरकम बजट का क्या फायदा जब अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के बच्चे इन स्कूलों में ना पढ़े ? लगभग एक लाख शिक्षकों के पद भी घटा दिए गए हैं।

**- जयराम महतो, विधायक**

## स्पीड न्यूज

### जंगल में मिला महिला का शव



बरकट्ठा।बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो गांव के समीप एक सुनसान जंगल में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक गड्ढे से महिला का सड़ा-गला शव बरामद किया। यह शव जंगल में स्थित एक तालाब की मेढ़ के पास एक गड्ढे में छिपाकर नमक डालकर दफनाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, कुछ महिलाएं जंगल की ओर गई थीं तभी उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई और गड्ढे से बाहर झांकते कपड़े दिखाई दिए। शंका होने पर उन्होंने शोर मचाया और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाप्रभारी गौतम उरांव के नेतृत्व में गड्ढे की खुदाई करवाई गई, जिसमें कपड़े में लिपटा महिला का सड़ा शव बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद शव को सुनियोजित ढंग से छिपाने की मंशा से नमक डालकर गड्ढे में दबाया गया था ताकि जल्दी सड़े और पहचान न हो सके। शव दो दिन पुराना माना जा रहा है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के बाद शीतगृह में रखने की प्रक्रिया चल रही है। महिला की हत्या कर दफनाने की यह घटना क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर चुकी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द अपराधियों की होगी गिरफ्तारी।

### खेत में मिला प्रतिबंधित मवेशी का हड्डी

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के गैड़ा पंचायत के बसरामो में गन्ने के खेत में ढेर सारा प्रतिबंधित मवेशी के हड्डी को फेंका हुआ मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फेके गए हड्डी को देखा। पुलिस के अनुसार हड्डी किस जानवर का यह पता नहीं है। स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि प्रतिबंधित मवेशी की हड्डी है। इस मामले को लेकर गांव में गपंचायत कर मामले को शांत और सुलह कर लिया गया। खेत मे हड्डी मिलने के बाद मामला तो लोंगो ने सुलझा लिया। लेकिन इसके बावजूद लोंगो में रोष है। पुलिस के मुताबिक हड्डी फेंका हुआ देखा गया। लेकिन लोंगो से सहमति से मामले को सुलह कर लिया गया।

### बरही में नशाखोरी के खिलाफ अभियान



**बरही।** नशाखोरी को रोकने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बरही में 10 जून से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में बरही चौक, रसोईया धमना और बरहीडीह में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार और बरही महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप समेत दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। इस दौरान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने नशाखोरी, उसके दुष्प्रभाव, युवाओं पर पड़ने वाले सामाजिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशाखोरी न सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि इसका नकारात्मक प्रभाव परिवार और समाज पर भी पड़ता है। जिसको लेकर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा खरीदने और बेचने वालों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। जोनल पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों, खासकर युवाओं और पर्यटकों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है, ताकि एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखी जा सके। प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने के लिए वाहनों पर पोस्टर चिपकाए।

### चरही पंचायत में भाजपा की बैठक

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत स्थित मंदिर परिसर में रविवार को भाजपा द्वारा ¥विकसित भारत का अमृतकाल¥ विषय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरिश श्रीवास्तव (सह प्रभारी, दांडी) और पूर्व मंडल अध्यक्ष वकील महतो उपस्थित थे। प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों—सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण—पर कार्यकताओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने में कार्यकताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने की। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरारी सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, अजीत सिंह, महादेव विश्वकर्मा, रमेश यादव, सत्येंद्र नारायण सिंह समेत कई प्रमुख नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य कार्यकताओं को प्रेरित कर आगामी चुनावों के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना था। पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### केंद्र का 11 साल बेमिसाल : मनोज

**बरही ।** विधायक आवास पर रविवार को ह्वविकसित भारत का अमृतकाल अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव और जिला उपाध्यक्ष आनंद देव ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की पलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रमेश ठाकुर ने किया और अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। विधायक यादव ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा बताया। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका की सराहना की। आनंद देव ने आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी प्रगति और राष्ट्रवाद को केंद्र की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि यह समय सिर्फ सत्ता का नहीं बल्कि जनसेवा और विकास का है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जीप सदस्य प्रीति गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, नागेश्वर रजक, आकाश जायसवाल, सचिन यादव सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के जरिए कार्यकताओं को जनजागरण के लिए प्रेरित किया गया।

# बिजली विभाग के खिलाफ सांसद ने खोला मोर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **हजारीबाग में बिजली की आंख-मिचौली को लेकर कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल आज**



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली की खराब स्थिति से त्रस्त जनता की पीड़ा को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोमवार को हजारीबाग शहर के जुलू पार्क स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल और प्रचंड विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। श्रीजायसवाल ने कहा कि बीते पखवाड़े से बिजली की आंख-मिचौली ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर ग्रामीण इलाकों में घंटों अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी केवल झूठे वादे कर रहे हैं, सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। सांसद ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर अंधेरे के खिलाफ आवाज बुलंद करें। जब तक बिजली आपूर्ति में ठोस सुधार नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ बिजली विभाग पहुंचे थे। उन्होंने विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। अब 16 जून को हल्ला बोल कार्यक्रम के जरिए सांसद जनता के साथ मिलकर बिजली विभाग का घेराव करेंगे। इस पहल को हजारीबाग और रामगढ़ के शहरी व ग्रामीण इलाकों से जबरदस्त समर्थन मिलने की उम्मीद है।

# संसाधन के अभाव में छात्र पढ़ाई नहीं छोड़ें

## विधायक रोशन चौधरी ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को दिया पुस्तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना चौक स्थित निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक में रविवार को जरूरतमंदों विद्यार्थियों के बीच समारोहपूर्वक निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में बड़कागांव के विधायक रोशनलाल चौधरी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट मेंबर प्रो. सुरेन्द्र सिन्हा एवं एस्पायर कोचिंग सेंटर के निदेशक रत्नेश कुमार उपस्थित थे।

अतिथियों ने क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया। रोशनलाल चौधरी ने कहा कि कपड़ा एवं पुस्तक बैंक कई वर्षों से क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच पुस्तक एवं कपड़ा का वितरण कर रहा है। इस बैंक के स्थापना समय से हीं उन्हें यहां आने का सौभाग्य मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

श्री चौधरी ने कहा कि संसाधन के अभाव में विद्यार्थी अपनी पढ़ाई न छोड़ें। प्रो सुरेंद्र सिन्हा ने कहा कि कपड़ा एवं पुस्तक बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण करना अपने आप मंत सौभाग्य की बात है। मौके पर बैंक के संरक्षक भुवनेश्वर मेहता, संस्थापक अनामिका श्रीवास्तव, संस्थापक पंकज कुमार, संस्थापक विश्वरंजन सिन्हा, समाजसेवी अजित सिन्हा, समाजसेवी प्रहलाद पांडेय, राहुल यादव, अभिषेक मिश्रा, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, वर्षा कुमारी, अंतरा कुमारी, निशा कुमारी, खुशी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, सुमित कुमार, शिवम्-श्रीवास्तव , प्रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी, सिद्धि कुमारी, आर्यन कुमार आदि मौजूद थे।

### नयामोड़ में सरना फ्यूल्स स्टेशन खुला



**कुजू।** झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने रविवार को आरा-नयामोड़ हीरक मार्ग पर सरना स्थल के समीप रविवार को सरना फ्यूल्स स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उक्त स्थल पर फ्यूल स्टेशन के खुलने से लोगों को पेट्रोल व डीजल लेने में काफी सुविधा होगी। फ्यूल्स स्टेशन संचालक अलख उर्फ सोनाराम मांझी ने कहा कि सरना फ्यूल्स स्टेशन में पेट्रोल, डीजल सहित बैटरी चालित वाहनों के लिए तीन चार्जिंग पाइंट की सुविधा उपलब्ध है। वहीं ग्राहकों के लिए निःशुल्क पानी,टायरों में हवा, शौचालय आदि उपलब्ध है।इससे पूर्व मंत्री फागू बेसरा का स्वागत बूके देकर किया गया। मौके पर अल्लाउद्दीन, सागिर हुसैन, बालगोविंद किस्कु, सोनाराम मांझी, पन्ना लाल मुर्मू, एतो बास्के, सुधीर हेम्ब्रम, करमचंद मांझी, विजय राम बबनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# 22 जून को बलिदान दिवस मनायेगा आजसू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कुजू।** मांडू विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी की बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो व संचालन डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए 22 जून को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें मांडू विधानसभा क्षेत्र से सैंकड़ों वाहन में कार्यकर्ता रवाना होंगे। जिसे लेकर ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक संयोजक एवं प्रभारी को विशेष दिशा निर्देश दिया गया। तिवारी महतो ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत ही आजसू पार्टी है। सभी का मान-सम्मान का ध्यान रखा जायेगा। मौके पर नरेश महतो, रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, भोला तूरी, तपेश्वर महतो, जयकिशोर महतो, शक्ति महतो, लालचंद महतो, बिरजूनाथ महतो, रघुनाथ महतों, युगेश्वर महतो, सुरेश कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार महतो, नरेश प्रसाद साहू, सहदेव मांझी, बैजनाथ राम, राजेश शर्मा, सरिता सिंह, मदन महतो, बैजनाथ राम, हेमनी देवी, आशा देवी, रेखा देवी, कुमारी नीलम, अनिता पाठक, रीना देवी, शीला देवी, इशिका गिरि, पुरन गंझू, विनोद कुमार यादव, फुलेश्वर साव, इंद्रलाल महतो, मुकेश कुमार महतो, राजकुमार महतो, सुदर्शन भुईयां आदि शामिल थे।

### विद्यालय की सफाई पर दें ध्यान

कुजू। बालिका उच्च विद्यालय कुजू में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार से प्राप्त अनुदान राशि का वितरण व खर्च पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया। विधायक तिवारी महतो ने कहा कि स्कूल की सफाई पर ध्यान दें। बैठक में विधायक सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्मल महतो, सचिव अनीश कुमार गुप्ता, शिक्षाविद सदस्य भोला प्रसाद, परिषद प्रतिनिधि पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के प्रधानाध्यापिका गीतांजलि कुमारी, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि भुवनेश्वर महतो शामिल हुए।

### रातू ओवरब्रिज नाम का ज्ञान रंजन रखा जाये: अरूण सिन्हा



**रामगढ़।** रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन के नाम पर रखा जाए। यह मांग रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने बताया कि स्व ज्ञान रंजन की अलग झारखंड आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका है । अलग झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका काफी अहम थी। बताया कि स्व ज्ञान रंजन ने अरूण कुमार सिन्हा, सावना लकड़ा, केशव महतो कमलेश, अनादि बर्न, गुलफान मुजबी, स्व सत्येन्द्र जायसवाल, आभा सिन्हा, सरफराज अहमद, प्रतिभा पांडे, स्व अरूण पांडे, स्व आरपी राजा, मंजूर अहमद अंसारी, भूम साहू, स्व सत्यदेव तिवारी, प्रदीप तुलस्यान, शैलेश सिंहा, खोगेन्द्र साव, भीम साव, ब्रजकिशोर गांधी आदि लोगों के साथ अलग झारखंड राज्य के लिए लगातार अभियान चलाया। इस क्रम में पटना में अलग झारखंड निर्माण की मांग को पटना सचिवालय का घेराव किया। जिसमें पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में प्रदर्शन में शामिल कई लोग घायल हो गए। श्री सिन्हा ने कहा कि ज्ञान रंजन एक दूर दृष्टि वाले व्यक्ति थे जो झारखंड निर्माण की आश्वयकता को भलिभांति समझते थे। इसलिए अपने सहयोगियों के साथ उन्होंने लगातार अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए अभियान चलाया। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन की भूमिका को ध्यान में रखकर मैं कांग्रेस पार्टी से भी मांग करता हूं कि रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उनकी लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान होगा।

# शालीग्राम सिंह की पुण्यतिथि पर गरीबों को कराया भोजन

**राष्ट्रीय सेवा मंच ने 150 लोगों को खिलाया खाना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले भुरकुंडा रिवर साइड बीटीटीआई निवासी स्व. शालीग्राम सिंह की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र संजय सिंह, मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुमित कुमार और संजीत कुमार ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में 150 गरीबों को भोजन कराया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. शालीग्राम सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच पुरी-सब्जी और लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, रिंकु वर्णवाल, कारू यादव, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, लालू उरांव, लखन राम, शुक्ला करमाली, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### सर्वोदय निकेतन का नीट में शानदार प्रदर्शन



**कुजू।** शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने चिकित्सा सेवा हेतु जरूरी अर्हता परीक्षा नीट 2025 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रकृति प्रिया जो कि सत्र 2024-25 की 12वीं की परीक्षा में 94 फीसदी अंकों से विद्यालय टॉपर भी रह चुकी हैं, उन्होंने नीट 2025 की परीक्षा में 1293 जनरल रैंक प्राप्त की है। इन्होंने 720 में से 601 अंक प्राप्त किए । इनको औसतन सभी विषयों में 99 .89 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए। वहीं इस वर्ष की 12वीं की परीक्षा 92फीसदी अंकों से स्कूल टॉपर आदित्य रंजन ने भी अपने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा में 720 में से 549 अंक प्राप्त कर 12512 की जनरल रैंकिंग प्राप्त की है। इनको भी औसतन 99 .41 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। बच्चों के शानदार प्रदर्शन से उनके माता-पिता सहित समूचे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रशासन बच्चों की शिक्षा और अनुशासन पर प्रमुख रूप से जोर देता है जो कि बाद में बच्चों के भविष्य को संवारने में सहायक होता है। वहीं विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने भी कहा कि विद्यालय से प्रत्येक वर्ष कुछ बच्चे मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस कोर्स में नामांकन लेते हैं, उसी कड़ी में इस वर्ष इन बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई दी।

### सेंट्रल सौंदा में मोदी सरकार के सुशासन पर चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम भाजपा भुरकुंडा मंडल द्वारा सेन्ट्रल सौंदा पंचायत भवन में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं भाजपा रामगढ़ के महामंत्री राजू चतुर्वेदी, सहसंयोजक रमेश वर्मा, मंडल कार्यक्रम संयोजक अमरेश सिंह एवं सहसंयोजक ज्योति सिंह सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य 2047 तक पहुंचने के लिए सभी को सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। सभा के अंत में 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की मुखिया कांति देवी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, राजन पांडेय, राजू मल्होत्रा, फुलेंद्र सिंह, संजय रॉय, मुकेश ठाकुर, मनीष बख्शी, शशिभूषण सिंह, रंजीत सिन्हा, तारकेश्वर पांडे, मुनमुन सिंह, राजू प्रजापति और अखलेश कुमार सहित अन्य कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

### सीपीएम में आंतरिक लोकतंत्र जीवंत : रामचंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीपीएम की जिला स्तरीय जेनरल बॉडी बैठक रविवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी शुरूआत जिला सचिव राजेन्द्र सिंह चंदेल के नेतृत्व में पार्टी का लाल झंडा फहराकर की हुई। इसके बाद शहीद वेदी पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य व रामगढ़ जिला प्रभारी संजय पासवान ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी अन्य दलों से अलग है, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक बदलाव लाकर शोषणविहीन समाज की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समाज जिसमें भूख, बेरोजगारी और गरीबी न हो, सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की गारंटी मिले, केवल समाजवादी व्यवस्था से ही संभव है, जिसके लिए पार्टी सतत संघर्षशील है। इस मौके पर धनेश्वर महतो, अशोक सिंह, राजू विश्वकर्मा, कन्हैया रविदास, नजमा खातून, देवनाथ महली, परमेश्वर उरांव, संतोष कुमार सिंह, शशिकांत दुबे सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बलकुदरा में पुल का विधायक ने किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डीएमएफटी योजना के तहत पतरातू प्रखंड के बलकुदरा स्थित प्राचीन मंदिर के पास बड़े पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा किया गया। शिलान्यास समारोह में विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए कार्य का शुभारंभ किया और शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला पार्षद सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, अमित साहू, राजेंद्र मुंडा, संजय साहू, मुकेश यादव, मनोज यादव, राजू मुंडा, बादल कुमार, दिलीप प्रसाद, संजय प्रसाद, रविंद्र यादव, शशि कुमार, प्रमोद साहू, अशोक प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, रंजीत यादव, देवनारायण मुंडा, विक्की यादव, देवेंद्र सिंह, रविंद्र महतो, सुनील, मंडल मंत्री अनिल रजवार, मुकेश यादव, संजय साव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कटकमसांडी में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

कटकमसांडी । पंचायत के सभागार भवन में रविवार को भाजपा पश्चिमी मंडल द्वारा 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। अजय साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के शासन को ऐतिहासिक और बेमिसाल बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लेकर वैश्विक मंच तक, मोदी सरकार ने भारत को एक मजबूत पहचान दी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान का इस्तेमाल सिर्फ राजनीति के लिए कर रहा है। बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने का मंत्र भी दोहराया गया—बूथ जीतो, चुनाव जीतो। जिला मंत्री रीतलाल यादव ने जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल को मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। प्रेम प्रसाद ने कहा कि केंद्र की योजनाएं जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान, जल जीवन मिशन ने आम जनता के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

## मुहर्रम कमिटि के अध्यक्ष बने जफर इमाम

**ओरमांझी।** आने वाले मुहर्रम त्योहर का बेहतर ढंग से आयोजन करने को लेकर रविवार को माहर्रम कमिटि कुटे का की एक बैइक हुई। पूर्व प्रमुख मुनतजीर अहमद रजा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्व सम्मति से जफर इमाम को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं नवाज नवाज सरीफ को सचिव, रहमतुल्लाह अंसारी को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष रीजवान खाल लड्डु व उपसचिव तौसीब अंसारी को बनाया गया। बैठक में उपस्थित पंसस अमीर हमजा, रिजाउल हक, इसराफील अंसारी, शोहेल अंसारी, तनवीर आलम व अलिमाम अंसारी सहित सभी ने चुने हुए पदाधिकारियों को कमिटि का विस्तर करने को कहा गया। साथ ही सभी बधाई दी गई।

## कृषि मंत्री ने फिरोज अख्तर मनोनीत किया



**इटकी।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इटकी पलमा निवासी फिरोज अख्तर को प्रखंड स्तरीय शिक्षा विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि फिरोज अख्तर कर्तव्य और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे और क्षेत्र के जनता की समस्याओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाएंगे। विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर फिरोज अख्तर ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निभाउंगा। फिरोज अख्तर को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर सुजीत शाही, मो मोजिबुल्लाह, हफीजुल अंसारी, अब्बास अंसारी व अनमोल लकड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## मुरी पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया



**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओपी पुलिस के द्वारा शनिवार की रात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत टुंगरी पार्क के समीप थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग एवं वाहन के वैध कागजात की जांच की गई, जांच के क्रम में कमी पाए जाने पर कई वाहनों को जुमार्ना हेतु जिला परिवहन कार्यालय रांची भेजा गया। अभियान के दरमियान थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना एवं क्षेत्र में दुर्घटना को कम करने के लिए चलाया गया एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना मुख्य लक्ष्य है। आगे बताया कि जांच अभियान नियमित रूप से स्थान बदलते हुए जारी रहेगा ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल कायम रह सके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि वह सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का निश्चित रूप से पालन करें।

### बेड़ो में ऐतिहासिक महादानी मैदान और सरना स्थल को संरक्षित करने को लेकर हुआ ग्राम सभा

# ग्राम सभा में सरना समुदाय के कई लोग नहीं पहुंचे, नहीं निकल सका कोई हल

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्राम सभा के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि व अन्य।



ग्राम सभा के दौरान पहुंचे बेड़ों के ग्रामीण।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान में रविवार को मुखिया सुशांति भगत की अध्यक्षता में बेड़ो पंचायत का ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति तथा एक स्वर से ग्राम सभा के द्वारा महादानी मैदान के समीप सरनास्थल की जमीन मुहैया कराने व ऐतिहासिक महादानी मैदान को संरक्षित करने का निर्णय लिया गया। हालांकि ग्राम सभा कि बैठक में सरना समुदाय के अधिकांश लोग बैठक में शामिल नहीं हुए। वहीं बैठक के दौरान ग्रामीणों ने ग्राम सभा में ग्राम प्रधान बुधवा उरांव के अनुपस्थित रहने पर भी नाराजगी जताया। साथ ही अगली होनेवाली ग्राम सभा में ग्राम प्रधान के अनुपस्थित रहने पर नया ग्राम प्रधान चयन करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। ग्राम सभा में मांडर विधानसभा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरना स्थल को किसी भी तरह का कोई क्षति नहीं पहुंच रहा है। सरना की एक एकड़ पांच डिसमिल जमीन में कुछ जमीन मैदान में चला गया है और इस मैदान में सभी जाति समुदाय के लोग विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हुए आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जितना सरना स्थल को संरक्षित करने की जिम्मेदारी है, उतना ही हमारे कल के आने वाले भविष्य के बच्चों के लिए भी खेल के इस मैदान को संरक्षित करना है। 21 पड़हा राजा पश्चिमी महादेव कुजूर ने कहां कि हमारे पूर्वज को भी मालूम था कि सरना का जमीन मैदान में है लेकिन हमारे पूर्वज ही इस मैदान और सरना स्थल को संरक्षित कर चले गए हैं। वैसे ही हम सभी समुदाय के लोगों को मिलकर अपने धार्मिक सरना स्थल और ऐतिहासिक महादानी मैदान को बचाने की जरूरत है। मौके पर पूर्व मुखिया कुबा पहान, बेड़ो मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, वाणी कुमार राय, भीखा उरांव व डॉ संपत तिवारी आदि ने अपने विचार रखे। सभा का संचालन मुन्ना बड़ाइक व विश्वनाथ गोप ने किया। सभा के दौरान उपमुखिया संतोष दास गोस्वामी, वर्ड सदस्य अरुण उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा ने की कार्यशाला, केंद्र की योजनाओं पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** भारतीय जनता पार्टी तमाड़ मंडल की ओर से रविवार को अमलेशा गांव में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने की। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी रंजीत लहरी और भाजपा रांची जिला ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की 150 से अधिक जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि किस तरह से इन योजनाओं का लाभ देश के आम नागरिकों तक पहुंचा है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता देवी, भारती कुमारी, शंकर सोनी, मदन मुंडा, बहादुर पुराण, उदय महतो, चंदन गुप्ता, महिंद्र पुराण, ज्योति पुराण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का काम करें।

## पंचायतों में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान

# ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

- लोगों को मिल रहा है लाभ
- उत्साहित है आधी आबादी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री के आदेश पर प्रखंड के चयनित पंचायत और गांवों में 15 दिनी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को इसकी शुरूआत लहना से की गयी, जो लगातार 28 जून तक चलेगा। पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ एसके चौरसिया व मुखिया मेरी भगत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र और राज्य संपोषित प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्वास्थ्य जांच, पोषण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी, राजस्व व जेएसएलपीएस की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इससे लोगों को कई तरह का लाभ हो रहा है। आधी आबादी उत्साहित है। इसमें योजना से संबंधित विभाग के पदाधिकारी, बीपीओ व कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर लक्ष्मी नारायण भगत, मनिता कुमारी व कुणाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

### यह है चयनित पंचायत




मंचासीन बीडीओ और पंचायत प्रतिनिधि।

श्री चौरसिया ने बताया कि चयनित पंचायत और गांवों में लहना, फुटकलटोली, सिमलिया, कमड़े, सुंडील, चटकपुर, तारूप के मुरचू व कन्नौज, पुरियो, हुरहुरी के फेटा व गुटवाटोली, बाजपुर, तिगरा, पाली तथा बिजुलिया के हेहल व अगड़ू शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि पंचायतों में कार्यरत्त कर्मचारियों को निर्धारित कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी के निर्देश दिये गये हैं।

## कुरमी उत्थान समिति ने टापरों को किया सम्मानित

- छात्रों को शिक्षा के साथ भारतीय संविधान की जानाकरी जरूरी
- मेधावी छात्र भी जानाकरी का अभाव में नौकरी में पिछड़ जाते हैं



विद्यार्थियों को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक हाई स्कूल गुडु पांचा ओरमांझी में रविवार को कुरमी उत्थान समिति ओरमांझी द्वारा एक छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले लगभग एक सौ छात्र-छात्राओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी को प्रशस्ति पत्र व संविधान का कीताब भी प्रदान की गई। आदित्य साहू ने कहा सम्मान पाने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों के लिए गौरव का क्षण होता है। किसी भी विद्यार्थी के लिए मैट्रिक परीक्षा जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी होती है। उन्हें किस क्षेत्र में जाना है, निर्धारित कर उसी अनुरूप आगे की पढाई व कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। कहा पढाई में मेहनत का दूसरा विकल्प नही होता है। कहा छात्र ही भारत का भविष्य हैं। देश को उंचाई पर पहुंचाने में इन्ही जैसे विद्यार्थियों की भुमिका महत्वपूर्ण होती है। बहुत सारे बच्चे जानकारी के अभाव में सही शिक्षा व मार्ग निर्धारण नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण ही पढाई में बेहतर होते हुए भी सफल, खासकार नौकरी प्राप्त करने से पिछड़ जाते हैं। उन्होने कुरमी उत्थान समिति की पहल की सरहाना की सरहाना भी किया, कहा इससे सभी छात्र-छात्रों को अपने भविष्य निर्धारण करने में मदद मिलेगी। उन्होने कहा भारतीय संविधान में सभी नागरिकों का सम्मान अधिकार हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ संविधान की जानकारी होना बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि बीआइटी मेसरा सूचना प्रौद्योगिकीय संस्थान के सहायक रजिस्टार सौरव प्रसाद ने करियर काउंसलिंग करते हुए करियर की दिशा देने व कैसे पढाई के माध्यम से अपने लक्ष्य का प्राप्त कर सकते हैं, इसकी जानकारी दी। खेलकूद विभाग रांची के उपनिदेषक राजेश कुमार, समिति के संरक्षक अमरनाथ चौधरी, एडवोकेट अंजीत कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य कामेश्वर महतो, समिति अध्यक्ष तीर्थनाथ महतो, सचिव अलखनाथ महतो, कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो, बालक महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, भानुप्रताप महतो, जगदीश महतो, रामलखन महतो, धनीलाल महतो, रंजीत कुमार, चंद्रमोहन महतो सहित छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व अभिभावक आदि उपस्थित थें।

## अवैध बालू लदा दो टीपर टर्बो जब्त



**राहे।** अवैध बालू परिवहन की सूचना पर राहे सीओ जया शंखी मुरमू ने शनिवार रात राहे-टाटीसिलवे सड़क पर अवैध रूप में बालू लदा दो टीपर टर्बो को पकड़ा। प्रशासन के समक्ष ही एक टर्बो चालक ने फूर्ति से बालू को गिरा दिया। हालांकि दोनों वाहनों को सीओ जया शंखी मुरमू ने जब्त कर राहे थाना को सुपुर्द किया।इस संबंध में सीओ ने कहा है कि डीसी रांची के आदेशानुसार अवैध बालू परिवहन की सूचना पर छापामारी कर दो टीपर टर्बो को पकड़ा गया है। एक ने बालू गिरा दिया है। दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## मेढ़ी गांव में थाना प्रभारी के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मु।** ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के मेढ़ी गांव में थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया, साथ ही कहा कि नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है तो वह इतनी आसानी से नहीं छूटती। नशा अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है, इसलिए हमें स्वयं भी और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। स्कूल की प्राचार्या प्रदीप कुमार दीपक ने सभी बच्चों और अभिभावकों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए नशा उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया तथा थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और आस-पास के 100 गज के दायरे में कानून के अनुसार किसी भी तरह के तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध है। इसी तरह सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर प्रतिबंध है। अगर स्कूल के अगल-बगल नशा युक्त पदार्थ बेचते पकड़ा गया तो उसे कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। मेढ़ी गाँव के लोग किसी के बहकावे में आ के अफीम का खेती करते हैं जो की गैर कानूनी है उन्होंने कहा कि अफीम की खेती नहीं करें, अन्यथा पकड़े जाने पर दंड तो लगेगा ही जेल भी जाना पड़ेगा। इसके साथ ही लगभग 105 बच्चों के बीच थाना प्रभारी और गुरुनानक सेवा जस्था संस्था रातू रोड के द्वारा कॉपी पेंसिल रबर कुरकुरे चिप्स और पार्क चॉकलेट वितरण किया गया इस नशा मुक्ति अभियान में 105 बच्चों सहित से 70 से 80 ग्रामीणों को शपथ दिलाया गया कि नशा नहीं करेंगे और न ही अफीम का खेती करना है। अगर कोई अफीम का खेती करता है तो थाना मे सूचित करें शिकायत करता का नाम गुप्त रखा जायेगा, और उनको इनाम भी दिया जायेगा, इस कार्य को देखते हुए ग्रामीणों के चेहरे मे खुशी दिखा और थाना प्रभारी विनीत कुमार को सभी ने धन्यवाद कहा।

## विधायक ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हांकेदाग पंचायत में रामपुर से बरलांगा रोड स्वर्णरिखा नदी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में बुजुर्ग महिला शांति देवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने संवेदक को उच्च गुणवत्तापूर्ण के साथ पथ का निर्माण करने का निर्देश दिया और उपस्थित ग्रामीणों से भी कार्य में सहयोग करने का अपील किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने अपनी अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, समस्याओं को देखते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अन्य समस्याओं का निपटारा भी किया जाएगा। मौके पर सुयोग साहू एवं भीष्म महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रशासन द्वारा अफीम की खेती के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान का आयोजन



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती मेड़ी गांव में रविवार को प्रशासन द्वारा अफीम की खेती के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी विनित कुमार ने ग्रामीणों से अफीम की खेती से होने वाले दुष्प्रभाव व हानियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि अफीम की खेती से जमीन बंजर हो जाता है वहीं क्षेत्र में पानी का जलस्रोत भी नीचे चला जाता है। थाना प्रभारी ने जोर देकर कहा कि भविष्य में गांव में अफीम की खेती पकड़े जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कारवाई किया जाएगा। कार्यक्रम को मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी ने भी संबोधित किया। वहीं प्रशासन द्वारा बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का भी वितरण किया गया। मौके पर अमृत महतो, प्रदीप महतो, भूखल सिंह मुंडा, वीर सिंह मुंडा, लालु महतो, राजेश महतो, बंधन पाहन समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## रोजो पर्व पर की गयी ग्रामदेवता की पूजा, महिलाओं ने घर के नकारात्मक चीजों को घड़ा में डाल कर बाहर फेंका



राहे-गोमदा ग्राम स्थल में पूजन करते लोग।

**राहे/सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को उल्लास के साथ रोजो पर्व मनाया गया। सुबह महिलाएं अपने घर को चारों तरफ से गोबर की बेड़ी लगाकर बांध दिया। मान्यता है कि घर में गोबर की बेड़ी लगाने से नकारात्मक ऊर्जा और विषैले जंतुओं का प्रवेश घर में नहीं होता है। इसके बाद घर की गंदगी और नकारात्मक चीजों को मिट्टी के घड़ा में रखकर गांव के बाहर फेंक आयी। इस रिवाज को महिलाओं ने समूह में किया फिर पुरुषों ने गांव के सरना स्थल पर ग्रामदेवता की पूजा की तथा भेड़ और बकरे की बलि दी गई। राहे-गोमदा, दुलमी, कटियाडीह, सालबंदा और सेरेंगहातू आदि गांव में धूमधाम से यह पर्व मनाया गया।

## सब्जी लदे ऑटो के पलट जाने से चार लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** एन - एच मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा पुल के निकट रविवार सुबह आठ बजे एक सब्जी लदे ऑटो के पलट जाने से उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में चान्हो के हुटार निवासी रामबिलास भगत 45 वर्ष, अजीत उरांव 35 वर्ष व पूना उरांव 50 वर्ष एवं बेजांग गांव के सुकरा भगत 52 वर्ष शामिल हैं। बताया जाता है कि ये सभी अपने गांव से सब्जी लेकर उसे बेचने के लिए ब्राम्बे बाजार जा रहे थे, इसी दौरान उक्त स्थान के निकट एक अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो को धक्का मार दिया जिससे ऑटो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गयी। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल मांडर लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सुकरा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

## चान्हो : अज्ञात वाहन ने बाइक सवार की ली जान

**चान्हो।** चान्हो-नारकोपी मुख्य पथ पर स्थित सिलागाई पुल के निकट शनिवार देर रात एक अज्ञात वाहन के धक्के से पचास वर्षीय बाइक सवार रघुनाथपुर निवासी बिगलू उरांव, की मौत हो गई। बताया जाता है कि बिगलू शनिवार को अपने बाइक से सिलागाई में सप्ताहिक हाट से वापस लौट रहा था। इसी दौरान सिलागाई पुल के निकट किसी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और असंतुलित होकर इनकी बाइक सड़क किनारे बने लोहे के बैरिकेड से टकरा गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बिगलू को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रस्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है, वहीं शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया। बिगलू ट्रैक्टर चलाकर परिवार चलाने में अपने भाइयों की मदद करता था। चार भाइयों में सबसे बड़े बिगलू ने शादी नहीं की थी। उसकी असामयिक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सिविल सोसाइटी प्रखंड नगड़ी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**पिस्का नगड़ी।** सिविल सोसाइटी प्रखण्ड नगड़ी के बैनर तले नगड़ी प्रखण्ड के छः पंचायत नगड़ी, देवरी, नारो, एर्डचोरो, चेटे एवं साहेर के लगभग दस गांव साहेर, बसीला, बरसा, एर्डचोरो, नगड़ी, देवरी, नारो, बांधटोली, हरही के मैट्रिक, इंटर एवं बारहवीं क्लास में पास एवं टॉप करने वाले सत्तर छात्र छात्राओं को मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ इन्हीं पंचायतों में अवस्थित लगभग दस स्कूलों जिसमे उच्च विधालय नगड़ी की टॉपर पूर्णिमा कुमारी, सरना आदिवासी विधालय केसारो की अंजली कुमारी, इंडियन पब्लिक स्कूल के शिवम केशरी, रॉकफोर्ड पब्लिक स्कूल टिकरा टोली की तनिश फातिमा,साइंस एकेडमी नगड़ी की अर्श परवीन,लोहिया पब्लिक स्कूल नगड़ी की सुचिता कुमारी, हिज ब्लेसिंग स्कूल नगड़ी की पूजा कुमारी एवं डब्लू जॉन स्कूल नगड़ी की खुशी कुमारी को मैट्रिक इंटर एवं बारहवीं कक्षा में टॉप करने हेतू मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इसके अलावा उक्त वर्णित पंचायतों के वैसे छात्र छात्राएं जिन्होंने नगड़ी प्रखण्ड में टॉप कर पहला से छट्ठा स्थान प्राप्त किए हैं जिसमें डी. ए. वि. हेहल की छात्रा शना कौशर (96.6%), लोहिया पब्लिक स्कूल अजहान राशिद (96%), राफिया रानी (88% ), नीलोफर शहजादी (81.2%), नाजिया आफरीन (80.8%), साइमा तरन्नुम (84%) एवं शारिक अहमद (86%) इन्हें भी मेडल, प्रसस्ति पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन करते हुए सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मो० हाशिम ने सिविल सोसाइटी के उद्देश्यों को बताया। साथ ही साथ उन्होंने वैसे छात्र छात्राएं जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है उन छात्र एवं छात्राओं पुस्तक, अच्छे स्कूल में नामांकन सिविल सोसाइटी की ओर से कराने की घोषणा की। सोसाइटी के संस्थापक सदस्य सोहैल अख्तर ने सोसाइटी के कार्यो एवं लक्ष्य को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी बनो (सिमडेगा) नईमुद्दीन अंसारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। विशेष सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित अंचल अधिकारी अमड़ापापाड़ा, पाकुड़ औसाफ अहमद खान ने छात्र छात्राओं को उनके लक्ष्य के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि पढ़ाई ही एक ऐसी चीज है चाहे वह गरीब हो या अमीर ऊंचे मुकाम तक पहुंचाता है,आप मन लगाकर पढ़ें कामयाबी आपके कदम चूमेगी। विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ. शारिब अहमद एम डी फिजिशियन मेंबर चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (गुमला), मो. अजमतुल्लाह असिस्टेंट जेनरल मैनेजर मेकॉन (रांची), अफसाना प्रवीण उप प्रमुख -सह- अध्यक्ष प्रखंड शिक्षा समिति(नगड़ी), समाजसैवी एस. अली, आरिफ रजा ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन सोसाइटी के संस्थापक सदस्य अब्दुल कुद्दुस एवं ऐनूल हक ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिविल सोसाइटी के संस्थापक सदस्य मास्टर सरवर आलम, असलम अंसारी, अब्दुल गफ्फार, अरशद अंसारी, जावेद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, इशरत अंसारी, हारिस आलम, आरिफ अंसारी, तौसीफ अंसारी, रेयाज अंसारी, अहमद अंसारी नौशाद आलम एवं अन्य सिविल सोसाइटी के सभी सदस्यों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस ने खलारी व मैक्लुस्कीगंज में चलाया नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान



**खलारी।** रांची पुलिस प्रशासन की ओर से नशा मुक्ति अभियान के तहत खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मोहन नगर व खलारी बाजार टांड में चलाया गया। नाश मुक्ति अभियान का नेतृत्व खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने किया। नाश मुक्ति अभियान में उपस्थित लोगों से मादक पदार्थों पर रोक लगाने व नाश से दूर रहने की शपथ दिलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित मानव समाज से कहा कि ₹स्वस्थ समाज और उज्वल भविष्य के लिए नशा से दूरी जरूरी है,नशे को ना और जिंदगी को हाँ का श्लोगन को साझा किया। डीएसपी चौधरी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज के विकास में भागीदार बनें। इस अभियान में खलारी विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार रजक उर्फ (मोनू),एसआई देव कुमार, एसआई कपिलदेव यादव, एएसआई राज किशोर सिंह, महिला सअनि मोनिका टुडू, बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# सीरीज से पहले गिल बोले- मुझ पर गंभीर-अगरकर का दबाव नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि कप्तान के तौर पर उनके पहले दौरे को लेकर उन पर मुख्य कोच गौतम गंभीर या मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कोई दबाव नहीं है। गिल को रोहित शर्मा की जगह लाल गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया था। गिल इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से भारतीय टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे।

**गिल होने- कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी**

दिनेश कार्तिक के साथ विशेष बातचीत में गिल ने कहा कि कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी है और उन्हें गंभीर तथा अगरकर की ओर से पूरी आजादी दी गई है जिससे वह लीडर के तौर पर उभर सकें। भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि उन्हें खुद से उम्मीदें हैं, लेकिन मुख्य कोच या अगरकर की ओर से उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है। गिल ने कहा, उम्मीदों के बारे में मैंने गंभीर भाई और अजीत भाई से कई बार बात की है। वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक लीडर के तौर पर खुद को अभिव्यक्त कर सकूं। यही उन्होंने मुझसे कहा है कि 'कोई उम्मीद नहीं है'। वे मुझसे ऐसा कुछ करने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं जिसके लिए मैं सक्षम नहीं हूं। उस संदर्भ में, मुझे नहीं लगता कि उनसे कोई उम्मीद या दबाव है, लेकिन एक लीडर और एक खिलाड़ी के तौर पर आपको खुद से कुछ उम्मीदें जरूर होती हैं। इसलिए ये वो उम्मीदें हैं जो मुझे खुद से हैं, लेकिन इन दोनों का कोई दबाव नहीं है।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर क्या है गिल का लक्ष्य?



गिल ने कहा कि भारतीय टीम के साथ खिताब जीतने के अलावा वह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं जहां खिलाड़ी काफी सुरक्षित और खुश महसूस करें। उन्होंने कहा, सभी ट्रॉफियों के अलावा, मैं आदर्श रूप से एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहूंगा जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश हो। मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल माहौल हो सकता है, खासकर सभी प्रतियोगिता या जितने मैच हम खेलते हैं और अलग-अलग टीमें आती हैं, लेकिन अगर मैं ऐसा करने में सक्षम हूं, तो यही मेरा लक्ष्य होगा।

## 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव, आइसीसी ने कर दी घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरूआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जायेगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए आइसीसी ने यह बदलाव किया है।

**सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम**

आइसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इस सूची में प्रत्येक विशिष्ट भूमिका के लिए एक खिलाड़ी, एक बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर शामिल होना चाहिए। यह बदलाव हाल के मैचों में कुछ विवादास्पद क्षणों के बाद आया है। उदाहरण के लिए इस साल जनवरी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20 मैच के दौरान बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को शामिल किया था। राणा ने तीन विकेट लिए जिससे इस तरह के प्रतिस्थापन की निष्पक्षता के बारे में बहस छिड़ गई। नया नियम ऐसी स्थितियों को रोकेगा क्योंकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल समान विकल्प की अनुमति दी जाए। यदि नामित कन्कशन विकल्प भी घायल हो जाता है, तो मैच रेफरी मूल पांच में से किसी एक प्रतिस्थापन को मंजूरी दे सकता है, लेकिन केवल तभी जब वह उसी खेल भूमिका से मेल खाता हो।

## गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारत को अस्थायी रूप से मिला नया मुख्य कोच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गौतम गंभीर अपनी मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद भारत लौट आए हैं। उम्मीद है कि वे 20 जून तक वापस आ जाएंगे जिस दिन बर्मिंघम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। ऐसे में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम की देखरेख करेंगे। फिलहाल शुभमन गिल की अगुवाही वाली टीम इंडिया बेकेनहैम में 4 दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेल रही है। लक्ष्मण पहले से ही इंग्लैंड में मौजूद हैं और गंभीर के इंग्लैंड लौटने तक उनकी भूमिका संभालेंगे। लक्ष्मण वर्तमान में भारत की अंडर-19 टीम की देखरेख कर रहे हैं जिसमें आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे सितारे हैं। अंडर-19 टीम को 17 जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ 7 मैच खेलने हैं।

इसका मतलब है कि लक्ष्मण की इंग्लैंड में मौजूदगी टीम इंडिया के साथ ही हुई। लक्ष्मण पहले भी अस्थायी तौर पर भारत के मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं और एनसीए, इंडिया ए और अंडर-19 टीम के प्रमुख के तौर पर ज्यादातर खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके हैं, इसलिए सीनियर इंडिया टीम की देखरेख करना लक्ष्मण के लिए कोई समस्या नहीं होगी।

## 21वीं झारखंड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता संपन्न

### रांची 9 गोल्ड, 10 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज लेकर 88 पॉइंट के साथ ओवर ऑल चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** 21वीं झारखंड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता रविवार को सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट में संपन्न हुआ। रांची 9 गोल्ड, 10 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज लेकर 88 पॉइंट के साथ ओवर ऑल चैंपियन, जबकि 45 पॉइंट के 8 गोल्ड,1 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज के साथ चतरा दूसरे स्थान पर और गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज लेकर 26 पॉइंट के साथ रामगढ़ तीसरे स्थान पर रही। रविवार को इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रातू ब्लॉक के सीओ रवि कुमार और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना कुमारी, सुनील सिंह सूर्यांत थे। मुख्य अतिथि रवि कुमार ने अपने उदगार व्यक्त करते हुये झारखंड में इस खेल और खिलाड़ियों के बेहतरीन भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय साहू, शिशिर महतो, प्रकाश राम, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, रजि अहमद, वाहिद अली, गोकुलानंद मिश्रा अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,सुशील कच्छप, दीपक गोप, सुशांति तोपनो आदि मौजूद थे।




रविवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में सिल्ली वुशु अकादमी के एस वाहिद अली और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

झारखंड महिला प्रीमियर कबड्डी लीग मैच के दूसरे दिन

## बिरसा मुंडा लायंस, वीर बुधु भगत और तिलका मांझी को पूरे अंक



खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज कबड्डी संघ के द्वारा चार दिवसीय झारखंड कबड्डी लीग मैच के दूसरे दिन मोराबादी मंदिर मैदान में खेल गए मैच में प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिरसा मुंडा लायंस, तिलकामांझी और वीर बुधु भगत की टीमें अपने-अपने मैच जीत कर पूरे अंक अर्जित किया। इससे पूर्व हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर अतिथि के रूप में अजीत तिर्की, सूरज टोप्पो, डॉ. राजेश गुप्ता, प्रदीप मिर्धा, चंदन कुमार, झारखंड सरकार श्रम मंत्री के प्रतिनिधि मोहन विश्वकर्मा, जयकांत कश्यप, एम पी सिंह, उमेश दास, शंकर पाल, प्रभात रंजन तिवारी, राजू कुमार, बिनोद कुमार ने विभिन्न मैचों में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत और महासचिव संजय कुमार झा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने की। प्रतियोगिता के सफल संचालन में एमपी सिंह, रमेश कुमार, मनोज कुमार शर्मा, शिव सागर, रोहित कुमार, कुणाल कुमार, प्रदीप तिर्की, उमेश दास, सुनील कच्छप, सहित सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में बिरसा मुंडा लायंस ने सिंधु कानू वारियर को 42-35 अंकों से पराजित किया वहीं दूसरे मैच में वीर बुधु भगत ने शेख भिखारी को 44- 23 अंकों से हराया। तीसरे मैच में तिलकामांझी ने नीलांबर पीतांबर को 50-25 अंकों से पराजित किया।

# मनप्रीत सिंह ने इतिहास में दर्ज कराया अपना नाम

एजेंसी

**एंटवर्प।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना नाम इतिहास में दर्ज कर लिया है। बेल्जियम के एंटवर्प में खेले जा रहे एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मुकाबले में हॉकी आइकन मनप्रीत 400वीं बार भारत की जर्सी पहनकर मैदान में उतरे और अपना नाम उन दिग्गजों की विशिष्ट सूची में शामिल कर लिया, जिन्होंने अटूट स्थिरता और दिल से विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पंजाब के 33 वर्षीय मिडफील्डर मनप्रीत सिंह अब पूर्व कप्तान और वर्तमान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की (412 कैप) से पीछे दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इस उपलब्धि पर भावुक मनप्रीत ने कहा कि मुझे अभी भी याद है कि मुझे अपने डेब्यू मैच में कैसा महसूस हुआ था। 400 मैच में यहां खड़े होना, मेरी कल्पना से परे है। यह उपलब्धिहर उस कोच के साथ साझा करता हूं जिसने मुझे आगे बढ़ाया, हर उस साथी खिलाड़ी के साथ जिसने मेरा साथ दिया और हर उस प्रशंसक के साथ जिसने मुझ पर तब विश्वास किया, जब मुझे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, अभी भी बढ़ रहा हूं और मैं आज भी उसी जोश के साथ खेलता हूं जैसा कि मैं 19 साल की उम्र में खेलता था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और ऑल-टाइम कैप्स सूची में मनप्रीत से आगे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी डॉ. दिलीप टिर्की ने इस उपलब्धि की सराहना की और कहा कि बहुत कम एथलीट इस स्तर की स्थिरता और धीरज हासिल करते हैं। मनप्रीत अपने सबसे परिवर्तनकारी दशक में भारतीय हॉकी की रीढ़ रहे हैं। उनकी फिटनेस, नेतृत्व और दबाव में संयम उन्हें सबसे अलग बनाता है। हमें उन्हें इस विरासत को इतनी शालीनता से आगे बढ़ाते हुए देखकर गर्व होता है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि 400 कैप्स केवल एक संख्या नहीं है- यह खेल के प्रति त्याग, अनुशासन और समर्पण पर बनी विरासत है। मनप्रीत ने भारत की जर्सी पहनने में पेशेवरता और गर्व का मानक स्थापित किया है। वह भारतीय हॉकी के सच्चे राजदूत और रोल मॉडल रहे हैं। 2011 में 19 वर्षीय जोशीले खिलाड़ी के रूप में पदार्पण से लेकर भारतीय मिडफील्ड की धड़कन बनने तक, मनप्रीत का करियर भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान को दशार्ता है। उन्होंने अब तक अपने करियर में कई उपलब्धि अपने नाम की है।




**मनप्रीत द्वारा हासिल की गई उन्हीं उपलब्धियों की झलक इस प्रकार है।**

- 4 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब (2013, 2018, 2023, 2024)।
- 2 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक (2014, 2023)।
- 2 ओलंपिक कांस्य पदक (2020, 2024)।
- 2 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक (2014, 2022)।
- 2014-15 और 2016-17 एफआईएच विश्व लीग और 2018 में हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में पोडियम स्थान हासिल किया।

**प्राप्त सम्मान**

- अर्जुन पुरस्कार-2018।
- एफआइएच पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर-2019 ।
- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार-2021 ।
- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर-2019 ।
- हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह अवॉर्ड फॉर मिडफील्डर ऑफ द ईयर-2014, 2021 ।

## आस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया

**एंटवर्प।** एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा हैं। रविवार को खेले गये मुकाबले में संजय ने मैच के शुरूआती तीसरे मिनट में गोलकर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि इसके एक मिनट बाद आस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अगले ही मिनट में ब्लेक गोवर्स ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर आस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। इस गोल के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखी और आस्ट्रेलिया टीम आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दोनों टीमों को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही। पहला हाफ आस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ।

## सुब्रोतो कप फुटबॉल हेतु खिलाड़ियों के चयन हेतु आज से अनगड़ा में होगा मैच

**अनगड़ा।** 64 वीं प्री सुब्रोतो कप अन्तराष्ट्रीय फूटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रखंड के विद्यालयों में पढ़ने वाले 16 वर्ष से कमआयु बर्ग के बालक तथा 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के वालिकाओं का चयन हेतू फूटबाल प्रतियोगिता का प्रखंड मुख्यालय मैदान में 16 से 19 जून तक आयोजित किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सभी स्कूलों से उक्त आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के फूटबॉल टीम को मुख्यालय मैदान में भेजने का निर्देश दिया गया है।

**खबरें रांची आसपास की**

## सिरका में प्रतिभा सम्मान सह शिक्षा दान समारोह का हुआ आयोजन

### डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने सिरका पंचायत को ह्यलिया गोद लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड स्थित सिरका पंचायत में 15 जून को शिक्षा, प्रतिभा, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता को समर्पित प्रतिभा सम्मान सह शिक्षा दान समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन पूरनचंद फाउंडेशन के तत्वावधान में और सिरका पंचायत के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार और पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने सिरका पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में गोद लेने की घोषणा की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि पूरनचंद फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय है। यह न केवल बच्चों को अवसर दे रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन रहा है। सिरका पंचायत की जागरूकता और युवाओं की सहभागिता से मैं अत्यंत प्रभावित हूं डॉ. वर्मा ने समारोह के दौरान पूरन की पाठशाला के अंतर्गत नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया, जिसमें पूरनचंद फाउंडेशन द्वारा 2000 पुस्तकों का योगदान दिया गया है। साथ ही उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश भी दिया फादर्स डे के अवसर पर उन्होंने कहा एक पिता अपने बच्चों को उसी प्रकार संवारता है जैसे माली अपने पौधों को। बिना किसी अपेक्षा के वह अपने बच्चों को सहेजता है हमें इस त्याग और समर्पण को सम्मान देना चाहिए। फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पुरस्कार देना नहीं, बल्कि शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाना है।




**मुखिया रोशनलाल मुंडा ने कहा**

ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। समारोह में थाना प्रभारी हीरालाल साह, मनोज कुमार चौधरी, कामेश्वर महतो, राम बहादुर ठाकुर सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और पत्रकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## बेड़ो में फिट इंडिया साइक्लिंग का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और झारखंड चैप्टर और फिट इंडिया मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महादानी मैदान में फिट इंडिया साइक्लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बेड़ो से केशा मोड़ होते हुए जामटोली रोड से महादानी मैदान तक 5 किलोमीटर की दूरी तय की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार, रेणु साहनी और अदिति सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइक्लिंग की शुरूआत की। इस अवसर पर कैलाश कुमार ने अगर फिट रहेगा इंडिया तो हिट रहेगा इंडिया का नारा देते हुए सभी से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने साइक्लिंग को एक बेहतरीन व्यायाम बताया और लोगों से मोटर वाहनों का कम उपयोग करने तथा जहां तक संभव हो साइकिल का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत होगी और लोग फिट भी रहेंगे। वहीं पीईएफआई की झारखंड अध्यक्ष रेणु साहनी ने बताया कि पीईएफआई पूरे देश में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइक्लिंग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उनका उद्देश्य लोगों के बीच साइक्लिंग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीईएफआई की झारखंड अध्यक्ष रेणु साहनी संयुक्त सचिव अदिति सिंह बेड़ो के सचिव संदीप सिंह अध्यक्ष एसके साह समन्वयक सकलेन हसन ने सराहनीय योगदान दिया।




## आटो व सवारी वाहन टकरान से पूर्व पलटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सिकिदिरी ओरमांझी रोड में रविवार रात को दो वाहन एक साथ पलट गई। जिससे दोनो वाहन छतिग्रस्त हो गई। रात नौ बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि सवारी वाहन रांची से सेव लोड कर बोकारो जा रही थी। जैसे वह विराट होटल के पास पहुंची। सिकिदिरी से रांची जा रही एक आटो, सवारी वाहन के सामने आ गई। दोनो चालक एक दूसरे की वाहन से टक्कर होने से बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनो वाहन पलट गए। सवारी वाहन के चारो चक्का उपर हो गया। वहीं वाहन में लदा सेव की पेटियां बिखर गए। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा सड़क से गुजर रहे वाहन की जाम लगने नही दिया। वहीं सेव को दूसरे वाहन में पलटी करा कर दुर्घटना ग्रस्त दोनो को जब्त कर लिया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। आटो में सवारी नही थें। दोनो वाहन के चालक मामूली रूप से घायल हुए।



पलटी सवारी वाहन व बिखरे सेव की पेटी उठाते।

## तुको में विकसित भारत अमृत काल कार्यक्रम, पूर्व विधायक ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूरभाजपा एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। यह सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' को समर्पित सरकार है। जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए काम किया है।

# स्वदेशी अपना कर ही भारत को बनाया जा सकता है वैभवशाली : धनपत राम अग्रवाल

स्पीड न्यूज

## आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में हड़ताल समाप्त

गम्हरिया। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में विगत 23 मई से चली आ रही हड़ताल शनिवार देर रात समाप्त हो गई। डीसी के निर्देश पर श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर की मध्यस्थता से हड़ताल को समाप्त किया गया। कंपनी की ओर से घायल बाजल टुडू के लिए तत्काल बतौर मुआवजा 2.50 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर को सौंपा गया जो 16 जून को उंक्तमजदूर को दिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मांगों पर भी विस्तारपूर्वक वार्ता हुई। प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि कामगारों के हड़ताल पर चले जाने से कंपनी का कार्य पिछले 23 दिनों से ठप्प था। इससे कंपनी को लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। इसके साथ ही कंपनी का विस्तारीकरण और नए सिरे से नवीनीकरण में काफी विलंब हुआ। बताया कि जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से त्वरित कार्रवाई कर दोनों पक्षों को समझाकर हड़ताल को समाप्त कराया गया। हड़ताल समाप्त होने के बाद सीओ अरविंद वेदिया एवं थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कंपनी परिसर का जायजा लिया। बैठक में कंपनी प्रबंधन की ओर से शुभोजित कुंडू एवं उमेश शुक्ला, मजदूर प्रतिनिधियों की ओर से अजय कुमार शर्मा, वसंत कुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे। कंपनी परिसर में यूनियन एवं प्रबंधन के अधिकारियों के साथ हुई सौहार्द्रपूर्ण वार्ता में कई मांगों पर सहमति जताई गई। यूनियन की ओर से जारी बयान में बताया कि सभी श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने, पीएफ, ईएसआई, न्यूनतम वेतनमान एवं अन्य श्रम कानूनों का अनुपालन करने, घायल श्रमिक बाजल टुडू के ईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूर्ण अपंगता के लिए क्षतिपूर्ति क्लेम करने, कंपनी प्रबंधन द्वारा राहत स्वरूप 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि देने एवं इलाज के क्रम में अस्पताल का खर्च लगभग 1 लाख व्यय करने पर सहमति बनी है। राहत राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से मंगलवार को बाजल टुडू को प्रदान की जाएगी। बताया कि 16 जून को श्रम अधीक्षक के समक्ष अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक में औपचारिक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

## रिश्वत मांगने वाला पुअनि निलंबित

जमशेदपुर। कदमा थाना अंतर्गत पदस्थापित पदाधिकारी पु.अ नि सुनील कुमार दास के द्वारा पीड़िता दुर्गा कुमारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर बार-बार थाना बुलाकर एक लाख रुपए की मांग करने के आरोप में सुनील कुमार दास को पुलिस अधीक्षक नगर के जांच रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## टैंगो मोबाइल का जवान निलंबित

जमशेदपुर। 6 जून को आजादनगर थाना अंतर्गत टैंगो मोबाइल में प्रतिनियुक्त आ0-317 जितेन गोराई के द्वारा 5000 रुपये लेकर मवेशी गाड़ी छोड़ने के आरोप में आजादनगर थाना प्रभारी के रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वाराआ0-317 जितेन गोराई तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## फर्जी ट्रस्ट बनाकर फंसे जितेंद्र मिश्रा

गम्हरिया। कथित रूप से फर्जी ट्रस्ट बनाकर काण्ड्रा स्थित हरीशचन्द्र विद्या मंदिर की सम्पत्ति को पिछले दरवाजे से हड़पने के लिए बुने गए अपने ही जाल में स्वयंभू निदेशक जितेंद्र मिश्रा अब लगभग फंस चुके हैं। फर्जी ट्रस्ट डीड को रजिस्टर कराकर उन्होंने पूरे रजिस्ट्री विभाग सहित नोटरी पब्लिक व अधिवक्ता को भी लपेटे में ले लिया है। इस डीड में कई ऐसी गलतियां हैं, जो इसे स्वतः जाली प्रमाणित करता है। स्कूल के संस्थापक और सक्सेना स्व0 हरिश्चन्द्र वार्ष्णेय के दोनों पुत्र दिवंगत हो चुके हैं, लेकिन दोनों पुत्रबधू मुकुल रानी वार्ष्णेय और पद्मिनी वार्ष्णेय अभी जीवित और स्वस्थ हैं। डीड में इन दोनों का अनापत्ति नहीं लिया गया है। डीड में मुकुल रानी वार्ष्णेय के पुत्र प्रदीप वार्ष्णेय और ललित वार्ष्णेय तथा पद्मिनी वार्ष्णेय के पुत्र राजकुमार वार्ष्णेय के अनापत्ति का एफिडेविट संलग्न है, जिसमें उनके फर्जी हस्ताक्षर हैं। एफिडेविट में किसी का भी आधार कार्ड संलग्न नहीं है जो अनिवार्य माना जाता है। उसके अलावा फर्जी हस्ताक्षर में वार्ष्णेय का स्पेलिंग भिन्न है। डीड में फर्जी हस्ताक्षर के सम्बन्ध में राजकुमार वार्ष्णेय ने सरायकेला उपायुक्त को आवेदन भी दिया है। इसके अलावा, डीड का स्टाम्प ड्यूटी 4 अप्रैल'25 को खरीदा गया था, जबकि रजिस्ट्री अफिस में ट्रस्ट डीड के निष्पादन की तारीख 4 मार्च'25 दर्ज किया गया है। विद्यालय संचालन के लिए जिस आमसभा में उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर को ट्रस्ट डीड में संलग्न किया गया है, वो भी फर्जी प्रतीत होता है। क्रम संख्या 13 से 18 और क्रम संख्या 21 से 26 तक एक ही राईटिंग से अलग अलग नाम और फोन नम्बर दर्ज है। डीड में इसी आमसभा को एक अलग विन्दु में बोर्ड मीटिंग बताकर जितेंद्र नाथ मिश्रा निदेशक घोषित किए गए। यहां प्रश्न यह उठ रहा है कि आमसभा और बोर्ड मीटिंग एक कैसे हो सकता है? वहीं, डीड में दर्ज ट्रस्ट बोर्ड में एक निदेशक और 8 सदस्य हैं, जबकि प्री रजिस्ट्रेशन डकेट में जितेन्द्र नाथ मिश्रा सहित सात नाम हैं जिसमे सुकु हांसदा और करमचंद मंडल का नाम दो-दो बार रिपीट किया गया है।

## स्वदेशी जागरण मंच का 18वां जिला सम्मेलन संपन्न




**संगठन पुनर्गठन के बाद की तस्वीर**

- जिला सह संयोजक - विकास जायसवाल
- जिला विचार विभाग - अशोक कुमार
- जिला सह विचार विभाग प्रमुख - मनोज सकुजा
- जिला संपर्क प्रमुख - जयप्रकाश सिंह
- जिला प्रचार प्रमुख प्रमुख संगीता श्रीवास्तव
- जिला कार्यालय प्रमुख - हरिदास नायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर के 18 वां जिला सम्मेलन का आयोजन चैम्बर भवन बिस्टुपुर में रविवार को हुआ, जिसमे शहर से 300 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि देश के जाने माने अर्थशास्त्री स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संयोजक एवं स्वदेशी शोध संसथान के निदेशक डॉ धनपत राम अग्रवाल, सम्मानित अतिथिति जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संघर्षवाहिनी प्रमुख अन्नदा शंकर पाणिग्रही एवं राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के जमशेदपुर विभाग संयोजक इन्दर अग्रवाल जी रहे। उद्घाटन सत्र का संचालन जिला संयोजिका राजपति देवी, स्वागत भाषण महानगर सह संयोजक मुकेश ठाकुर, विषय प्रवेश प्रान्त के प्रचार प्रमुख अमित मिश्रा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक बिकास जैस्वाल ने किया। इस सम्मेलन में कुल 4 सत्र हुए, जिसमे भारत का वर्तमान आर्थिक परिदृश्य और समृद्ध भारत में स्वदेशी जागरण मंच की भूमिका, स्वदेशी-सुरक्षा-स्वावलम्बन अभियान, सतत विकास और पर्यावरण के विषयों पर अनेक वक्ताओं के संबोधन हुए। शहर की विधि व्यवस्था, कचड़ा प्रबंधन एवं स्वच्छता एवं शहर की यातायात समस्याओं पर एक प्रस्ताव रखा गया, जिसे सारे प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से समर्थन दिया। डॉ धनपत राम अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा देश यह जान गया है की स्वदेशी ही एकमात्र ऐसा आधार है जिससे हम भारत को एक वैभवशाली एवं समृद्धशाली देश बना सकते है। उन्होंने कहा की हमे विवेकपूर्ण ढंग से एक विकास का मडल तैयार करना होगा जिससे देश गरीबी मुक्त, रोजगार युक्त और प्रदुषणमुक्त पर्यावरण रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है लेकिन प्रति व्यक्ति आय के अनुसार हम 142 वें स्थान में है। हम पूरे विश्व की जनसंख्या के लगभग 18.5 प्रतिशत हैं लेकिन विश्व की कुल आमदनी का 3.5 प्रतिशत आय का अर्जन ही हम कर पा रहे हैं। धनपत अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि इस परिदृश्य को बदलने के लिए हमे दो प्रमुख काम करने होंगे - पहला जितने उत्पाद का भारतीय विकल्प यदि हमारे पास है तो हमे उसे ही लेना चाहिए और दूसरा हमारी शिक्षा पद्धति में अनुसंधान सम्बंधित विषयों एवं प्रोजेट्स को जोड़ना होगा। साथ ही हमारी तमाम भारतीय कंपनियां रिसर्च एंड डेवलपमेंट में यदि अपना ध्यान बढ़ा दे तो आने वाले समय में हम भी चीन, अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशो को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ऐसा हमने सुरक्षा के क्षेत्र में कर के भी दिखाया है। विधायक सरयू राय ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन को बचाये रखने में और आगे बढ़ाने में स्वदेशी जागरण मंच कि अहम् भूमिका रही। आज विकसित देश यह नहीं चाहते कि विकासशील देशों का उत्पाद उन तक पहुंचे जिसके वजह से आज वे टैरिफ वार छेड़े हुए हैं। खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने सतत विकास, प्रान्त के विचार विभाग के प्रमुख डॉ जटाशंकर पांडेय ने स्वावलम्बन पर अपनी बातों को रखा। मंच के प्रान्त चिकित्सा प्रमुख डॉ अनिल राय ने शहर में बढ़ते नशाखोरी, चेन स्नैचिंग, गैरकानूनी वारदातें, कचड़ा प्रबंधन, प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग, मेडिकल वेस्टेज का सड़क पर फेंके जाने और पर्यावरण के दृश्टिकोण से हर सोसाइटी में 33 प्रतिशत ग्रीन एरिया और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने के विषयों पर प्रस्ताव रखा जिसे सारे स्वदेशी समर्थकों ने अपने समर्थन दिया। अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख बन्दे शंकर सिंह जी ने मंच अनेक दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए आगामी कार्यक्रमों गए जो इस प्रकार से हैकी जानकारी साझा की।

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुरलीधर केडीए, अशोक गोयल, रविंद्र, मधुलिका मेहता, पंकज सिंह, के पि चौधरी, राज कुमार साह, कंचन सिंह, विकास साहिनी, राजा राम मनोज सकुजा, गुरजीत सिंह, एम् भवानी, किरणजीत कौर, चिरंजीत कौर, मुकेश भदानी, मनोज सकुजा, सत्यनारायण, संजीत प्रामाणिक, संगीता श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, कोना सुजाता, संजना साहू, रमेश, अजित सिंह, सुनीता मिश्रा, जगदेव सिंह, देव कुमार, राजेश बरनवाल, सुनील गुप्ता, रिंकू दुबे, प्रतिभा सिंह के अलावा समर्थक उपस्थित रहे।

# हरिणा में प्रसिद्ध बाबा मुक्तेश्वर धाम मेला शुरू

**विधायक संजीव सरदार ने धाम में परिवार संग की पूजा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोल्हान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिणा मुक्तेश्वर बाबा के मंदिर में रोजो संक्रांति के अवसर पर आयोजित मेले में रविवार को पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार अपने परिवार के साथ पहुंचे। विधायक ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत विधायक संजीव सरदार ने मेला परिसर का भ्रमण किया और वहां तैनात अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मेला की सुरक्षा, सफाई, चिकित्सा सुविधा एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक ने उपस्थित डीएसपी संदीप भगत एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने की बात कही। उन्होंने श्रद्धालुओं को मेला में बेहतर सुविधा दिलाने के लिए प्रशासनिक समन्वय की सराहना की और कहा कि यह मेला कोल्हान की सांसतिक विरासत का प्रतीक है, जिसे और भव्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# बिपनी में निफ्ट दिल्ली के युवा डिजाइनर्स का आगमन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कला मंदिर सक्षम महिला स्व-सहायता समूह महासंघ द्वारा संचालित बिपनी शोरूम में आज एक विशेष दिवस रहा। देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), दिल्ली से आए कई युवा डिजाइनर्स ने अपने 'ज्ञदवू स्वबंस टपससंहम ब्तंजि च्मतेवदे'' कार्यक्रम के तहत बिपनी का दौरा किया और यहां की जमीनी हकीकत को करीब से समझा।

यह सत्र इन नवोदित पेशेवरों के लिए आंखें खोलने वाला अनुभव साबित हुआ। उन्होंने देखा कि कैसे जनुमदिह, आमडूबि, खरसावां, इचागढ़, बेंध, कुईलिसुटा, जसकांदीह, सरजमदा, असनबोनी और धर्मटोला जैसे गांवों के पारंपरिक कारीगर वर्ष 2008 में कला मंदिर सक्षम एसएचजी फेडरेशन के अंतर्गत एकजुट हुए। सी. रामास्वामी, एसके बेहरा, शशिकांत छगनलाल, शुक्ला मोहंती, शक्ति शर्मा, पीके सिन्हा, डॉ एनएन कुलकर्णी, नागेंद्र नाथ सिन्हा, धीरेंद्र कुमार और कई अन्य मार्गदर्शक जिन्होंने समय-समय पर प्रोत्साहन व समर्थन दिया।

**एक नजर में**

## जिला स्तरीय जूनियर व सिनियर बालक-बालिका खो-खो चैंपियनशिप 22 को



जमशेदपुर। जिला स्तरीय जूनियर एवं सीनियर बालक बालिका दोनों ही वर्गों के जिला स्तरीय चैम्पियनशिप 2025 के सफल आयोजन को लेकर रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक का जमशेदपुर के साक्ची स्थित आमबागान स्काउट गाइड सभागृह में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा ने की। बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया गया इस माह 22 जून दिन रविवार को प्रातः 7:30 बजे जमशेदपुर में जूनियर और सीनियर बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में जिला स्तरीय चौंपियनशिप आयोजित किया जाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया इस चैम्पियनशिप में पूर्वी सिंहभूम जिला में स्थित सभी कोटि के विद्यालयों, प्लस टू विद्यालयों, महाविद्यालयों और क्लबों के खिलाड़ी टीम निबंधन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेंगे भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विशेष जानकारी के लिए संगठन के पदाधिकारी दयाल सिंह मेहरा के मोबाइल संख्या 9031928591 पर संपर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त की जा सकती है। चौंपियनशिप के उपरांत जिला के चयनित खो खो खिलाड़ी जुलाई के प्रथम सप्ताह में आरंभ होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालक और बालिका वर्ग की टीम पूर्वी सिंहभूम जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चौंपियनशिप के उपरांत पूर्वी सिंहभूम जिला के मजबूत खो खो टीम का चयन किया जाना है। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से सचिन विक्टर विजय कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा, अजय शर्मा डब्लू रहमान, तकनीकी प्रमुख दयाल सिंह मेहरा, अरबाज हुसैन, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, आकांक्षा कुमारी, राजकुमार सिंह, नरेश कुमार, श्रीकांत कुमार, बेबी कुमारी, आशा कुमारी एवं अन्य का योगदान रहा।

## समर कैंप के आखिरी दिन सूर्य मंदिर में बच्चों ने खूब की मस्ती



जमशेदपुर। वैश्य एकता मंच मानगो मंडल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का रविवार को आखिरी दिन मानगो निर्धन बस्ती के बच्चे बच्चियों को सूर्य मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने स्विमिंग पूल में खूब इंजय किया, खूब मस्ती किया। कई बच्चों की मानें तो उसे सूर्य मंदिर देखने एवं स्विमिंग पूल में नहाने का पहला अवसर प्राप्त हुआ। वैश्य एकता मंच के प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव की उपस्थिति में मंच के मानगो मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र साव एवं सचिव बंटी गुप्ता ने नेचुरल स्माइल फाऊंडेशन के राज गुप्ता, प्रवीण, संजीव, अरविंद, रवि, जयप्रकाश, श्वेता, नीतू, तारा, नीलू के साथ मिलकर तीन दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन किया। देव ने बच्चों को आपात स्थिति में पानी के अंदर बचने के उपाय के सम्बन्ध में चर्चा की। कार्यक्रम को नेचुरल स्माइल फाऊंडेशन द्वारा प्रायोजित किया।

## टेल्को में भक्तों ने किया श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण



जमशेदपुर। श्याम युवा मंडल टेल्को का दो दिवसीय श्री श्री श्याम महोत्सव रविवार को विशाल भंडारा के आयोजन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। टेल्को ग्वाला बस्ती स्थित राजस्थान भवन में तीन हजार से अधिक भक्तों ने श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद का शुभारंभ दोपहर 1230 बजे शुरू हुआ। श्याम बाबा के प्रति आस्था व निष्ठा होने के कारण जमशेदपुर के हर क्षेत्र से भी काफी संख्या में भक्तगण प्रसाद ग्रहण करने आये थे। आज के इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अनिल, सक्षम, मनोज, मोहित, विवेक, ऋषभ, राकेश, अंगद, मुकेश, उदय, अमित, हर्ष, हेंमत, श्याम अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## सुरभि शाखा के पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा में 87 यूनिट रक्त संग्रह



जमशेदपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान महा उत्सव एवं रक्तदान सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा का समापन रविवार को हुआ। पांच दिनों में 87 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। साथ ही एक जरूरतमंद को 2 यूनिट ब्लड सहयोग किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को पूर्व प्रांतीय रक्तदान संयोजक सार्थक अग्रवाल को 108 बार रक्तदान करने हेतु सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, पायल अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, बिंदिया नरेडी, खुशबू कावटिया आदि का योगदान रहा।

## साईं गुरुकुल ट्रस्ट में ताइकमांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



आदित्यपुर। शेर ए पंजाब के समीप गंगा कम्पलेक्स में साइ साईं गुरुकुल ट्रस्ट द्वारा ताइकमांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में साईं गुरुकुल ट्रस्ट के के चेयरमेन देव महतो ने बताया की ट्रस्ट पूर्व से डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रुमेंटल, ड्राइंग, फिल्म मेंकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल कल सीखना नहीं बल्कि बच्चों और युवाओं को आत्मनिर्भर सजग और सशक्त बनाना है। शहर की जाने-माने प्रशिक्षक ब्लैकबेल्ट रवि शकर व उनके सहयोगी ऋषि कुमार द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर साइन गुरुकुल ट्रस्ट के सचिव आनंद पटेल, मीनू टुडू, रिकी कुमारी, अलीशा महतो, विक्की शर्मा, सपन महतो आदि उपस्थित थे।

## छतरपुर जिला कांग्रेस में जोश भर रहे बन्ना गुप्ता



जमशेदपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधानसभा वार बैठक कर रहे हैं। इसके अंतर्गत बिजावर विधानसभा क्षेत्र के जानकी निवास और ईशा नगर में ब्लक अध्यक्ष, मण्डलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बी एल ऐ एवं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक मजबूती बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की पहचान और सक्रियता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने जिला अध्यक्षों के चयन, ब्लक से लेकर मंडलम, पंचायत, सेक्टर, वार्ड, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पार्टी की जड़ों को सशक्त करने के लिए संवाद किया।

# शेन इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब इंटरैक्ट फेस्टिवल रायला 2025 संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नवयुवकों को सशक्त बनाने और उनमें नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से जमशेदपुर के प्रतिष्ठित रोटरी क्लब द्वारा शेन इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब इंटरेक्ट फेस्टिवल रायला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के 8 स्कूलों के लगभग 150 छात्र शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन रणविजय सिंह उपस्थित थे। रोटरी क्लब जमशेदपुर की अध्यक्ष शिवानी गोयल और शेन इंटरनेशनल स्कूल की उप प्राचार्या टैंडरिमा बनर्जी ने मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया और इस कार्यक्रम की अनिवार्यता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें समाचार पत्रों से ड्रेस डिजाइन करना और 'विकास के पहाड़' 'ग्रह को बचाओ' और 'रास्ता रोशन करो' जैसे विषयों पर एक सामान्य पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल थे।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे अंतरिक्ष का अध्ययन




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे अंतरिक्ष विज्ञान पर शोध, दो दिवसीय दौरे पर इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स पश्चिम बंगाल के लिए रवाना श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर के भौतिकी विभाग और स्कूल अफ इंजीनियरिंग द्वारा इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स के शैक्षणिक सहयोग से एक विशेष स्काई-वचिंग टूर का आयोजन किया गया है, जो छात्रों के लिए अंतरिक्ष के अद्भुत रहस्यों को करीब से देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान कर रहा है जहां छात्र अंतरिक्ष की रोमांचक और अनछुई पहलुओं पर छात्र शोध करेंगे। छात्रों का यह कार्यक्रम पूर्वी भारत में स्थित सबसे बड़ी 24-इंच व्यास वाली परावर्तक दूरबीन के माध्यम से खगोलीय पिंडों के अवलोकन पर आधारित होगी, जहां छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञानियों और इंजीनियरों के मार्गदर्शन में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष भौतिकी की जमीनी समझ विकसित करने का भरपूर अवसर मिलेगा। इस यात्रा के दौरान वैचारिक संवाद के श्रीनाथ विवि के छात्र इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स के वैज्ञानिकों के साथ गहन परिचर्चा में भाग लेंगे। श्रीनाथ विवि के भौतिकी विभाग की सहायक प्रो डॉ सुदर्शना बनर्जी ने कहा कि यह प्रयास छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रेरित करने और उन्हें भविष्य के अनुसंधान के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह टूर 17 जून को समाप्त होगा जिसके बाद छात्र इसपर एक विस्तृत शोध पत्र तैयार करेंगे।

# लोयोला एल्युमिनी ने जीता एनआइटी सिंदूर विजय ट्रॉफी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित सिंदूर विजय ट्रफी के फाइनल में लयोला एल्युमिनी 11 ने एनआईटी 11 को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला 1 जून 2025 को शुरू हुई थी, जिसमें लयोला एल्युमिनी 11, डक्टर'स 11 और एनआईटी 11 ने भाग लिया था। सिंदूर विजय ट्रफी का नाम अपरेशन सिंदूर से लिया गया है, जो हमारे सशस्त्र बलों के साहस और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखना था। यह टूर्नामेंट उसी भावना को सलाम करता है और युवाओं में देशभक्ति और खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। इस टूर्नामेंट के आयोजन में एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार डॉ कर्नल निशिथ कुमार राय और डॉ केशव कुमार शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह टूर्नामेंट फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया के तहत आयोजित किया गया था, यह टूर्नामेंट युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और फिटनेस को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इन पहलों का उद्देश्य देश के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों में उत्ष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। फाइनल मैच में उत्कर्ष शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और मैन अफ द मैच चुने गए। जबकि साकेत कुमार को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

# सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ जनार्दन प्रसाद एवं शीतल दुबे की पुस्तकें लोकार्पित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलनध्तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक 'कथा मंजरी' सह हिन्दी साहित्य के प्रथम तिलिस्मी लेखक देवकी नंदन खत्री की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन समिति के अजय प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ यमुना तिवारी व्यथित, डॉ अजय कुमार ओझा, नीलिमा पाण्डेय, हरिहर मित्तल, बलविंदर सिंह, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी, वसंत जमशेदपुरी, हरभजन सिंह रहबर, शकुन्तला शर्मा, विद्या शंकर विद्यार्थी, निशांत सिंह, प्रदीप कुमार मिश्र,अनिता निधि, मंजू कुमारी, मनीष पाठक, भंजदेव देवेन्द्र व्यथित, अरुण कुमार शर्मा, जितेश तिवारी, संजय पाठक सनेही, सुजय कुमार आदि की उपस्थिति रही।

# 95 वर्ष की उम्र में कई सामाजिक, राजनैतिक उथल-पूथल के गवाह रहे हैं डॉ हरि बल्लभ सिंह

प्रो. अंगद तिवारी



**जमशेदपुर।** डॉ हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' ने अपने 95 वर्ष की उम्र में राजनैतिक, सामाजिक व कई प्राकृतिक उथल-पूथल को देखा है। विनाश और निर्माण की कई घटनाओं के ये प्रत्यक्षदर्शी गवाह रहे हैं। इनकी कविता लिखने की कला अनायास ही नहीं बल्कि जन्मजात है। हाई स्कूल के छात्र जीवन में ही ये राजनैतिक विचारधारा से प्रभावित हो चुके थे। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रत्यक्ष गवाह होने के बाद भी सामाजिक विकास कैसे हो? लोगों का उन्नयन कैसे हो? लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना कैसे जगे? भारतीय भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूकता कैसे आएगी? इसकी चिन्ता इन्हें परेशान करती रही है। फलतः कविता लिख-लिखकर जन-जागरण का कार्य छात्र जीवन में ही ये करते रहे है। गांव-गांव में पुस्तकालय खुलवाने का आंदोलन हमेशा ये चलाते रहे हैं। धीरे-धीरे राजनैतिक जीवन में इनकी गहरी पैठ बनती गई, लेकिन आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए इन्हें जमशेदपुर आना पड़ा। यहां इन्हें टाटा कंपनी में नौकरी मिल गई। उसके बाद भी अपनी कविताओं के माध्यम से अन्याय, शोषण, भ्रष्टाचार, नारी उत्पीड़न, काला कानून पर इनकी कलम निरंतर चलती रही। अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों में सचेतना पैदा करना व स्वतंत्रता और आजादी को सही ढंग से समझने के लिए जन मानस को हमेशा उत्प्रेरित करते रहे। इनकी कथनी और करनी में समानता थी। डॉ हरिबल्लभ केवल कवि के रूप में कल्पना की रोटी ही नहीं सेंकते थे बल्कि वे विभिन्न मजदूर यूनियनों से भी संबद्ध रहे और इन्होंने स्वतंत्र रूप से मजदूर यूनियन बनाकर निरंतर अन्याय और शोषण के विरूद्ध संघर्ष किया है। वे एक मजदूर नेता के रूप में हमेशा संघर्षरत रहे है। कवि डॉ. हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' सत्य, न्याय, अहिंसा, नैतिकता, मानवता, विश्व बंधुत्व, माता-पिता, पारिवारिक संबंध, मर्यादा, सदाचार, सत्संग आदि के महत्व की ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट करते रहे हैं। इनका विश्वास है कि वर्त्तमान भाजपा सरकार एवं देशभक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत की सही पहचान लोगों को करा रहे हैं। जहाँ तक 'राष्ट्र की पहचान' पुस्तक में जिन कविताओं का संकलन है उनमें कुछ कविताओं के शीर्षक निम्नलिखित हैं जो प्रासंगिक हैं। इनकी कविताओं के अध्ययन से भारत की पहचान बढ़ेगी। डॉ.हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' के पंचानवें जन्म दिवस समारोह के अवसर पर हम इन्हीं विश्वास और प्रेम के शबदों के साथ दनके दीर्घजीवी होने की कामना करते हैं।

**(नोट : प्रो डॉ अंगद तिवारी अरका जैन विवि,जमशेदपुर के प्रति कुलपति हैं)**

## मासिक अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित कर पुलिस अधीक्षक ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# नशा के कारोबार के खिलाफ छापामारी कर करें कार्रवाई

- लंबित काण्डों का त्वरित करें निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा मुकेश कुमार के द्वारा रविवार को सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस निरीक्षक, परिचारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी- सह- सम्मान समारोह आयोजित कर अपराध, विधि-व्यवस्था, पुलिस द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिसमें मोटरसाईकिल चोर गिरोह पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध कारगर कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। अवैध रूप से शराब, कौरेक्स, गांजा इत्यादि मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले एवं तस्करी करने वाले के अड्डों पर छापामारी करने एवं संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। डायन प्रथा/बिसाही, मानव तस्करी, बच्चा चोरी अफवाह जैसी घटनाओं के संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। वाहन दुर्घटना, वाहन चोरी एवं अपराध को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी को सयम-समय पर स्थान बदल-बदल कर वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। थाना स्तर से जितने भी बैंक, एटीएम, ज्वैलरी शॉप्स, अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है उनकी सुरक्षा



की समीक्षा करने का निर्देश दिया। लंबित काण्डों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिया गया। सभी थाना के आँकड़ों को सी०सी०टी०एन०एस० में ससमय प्रविष्टि कराने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से गांव में जाकर पुलिस पब्लिक बैठक करना एवं गाँव वाले के साथ मित्रवत व्यवहार रखने का निर्देश दिया गया एवं सप्ताह में एक दिन (गुरूवार को) थाना दिवस का आयोजन करें। सभी थानो को अधिकाधिक कांड के निष्पादन के लिए लक्ष्य दिया गया। साथ ही लंबित वारण्ट एवं कुर्की का निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। कांडो के फिरार अभियुक्त, जमानतीय / गैर जमानतीय, स्थाई/ बिना तामिला वारंटियों को छापामारी कर गिरफ्तार करने हेतु सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया। अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनन विभाग, अंचलाधिकारी इत्यादि के साथ समन्वय स्थापित कर विधि-सम्मत कार्रवाही करने का दिशा-निर्देश दिया गया। सभी पुलिस निरीक्षक को सभी अनुसंधानकर्ता के साथ निरंतर काण्डों की समीक्षा कर लंबित काण्डों का निष्पादन करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस मुख्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों से प्राप्त पत्र, लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, पुलिस हेल्प लाईन से प्राप्त आवेदनों की जाँच कर ससमय निस्ताकरण करने का निर्देश दिया गया। सम्पत्ति मूलक अपराधों को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा सभी अपराधिक छवि वाले लोगों पर कड़ी नजर रख कर सर्विलांस प्रोसीडिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गुंडा पंजी में नियमानुसार नाम अंकित करेंगे। अवैध तरीके से पेट्रोल, डीजल और एसिड की बिक्री करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं महिलाओं के प्रति अपराध की सूचना अथवा थाना में आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित रूप से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। डायल 112 के माध्यम से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिवेदन को अविलम्ब सीसीआर/डायल 112 कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही पुलिस सभा का आयोजन कर पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के समस्याओं को सुना एवं निदान हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## खबर एक नजर में

### बीएसएल में 'मंथन' संवाद कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी ने दिलाई शपथ



**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में शीर्ष प्रबंधन के साथ मंथन नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रँगानी सुश्री राजश्री बनर्जी सीआर मिश्रा बीजीएच के प्रभारी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सीजीएम सुश्री नीता बा ने सभी का स्वागत किया तत्पश्चात निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। संवाद कार्यक्रम के तहत वरीय प्रबंधक सुश्री प्रीति कुमारी तथा सीआरएम–श्री की प्रबंधक सुश्री निहारिका अनुपम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन उत्पादकता उपलब्धियों और संबंधित पहलुओं की नवीनतम जानकारी इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच विकसित करने की अपील की तथा पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया तथा संयंत्र के उत्पादन में सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के तेजी से बदलते दौर में बीएसएल को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अपने उत्पादन लागत तथा बेहतर इनवेंटरी प्रबंधन के साथ प्रदर्शन के स्तर को और भी बेहतर बनाने की जरुरत है। परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबन्धक सुश्री प्रीति कुमारी ने किया।

### बीजीएच में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस



**बोकारो।** रक्त दो–आशा दो: साथ मिलकर हम जीवन बचाएँ के थीम के तहत बीजीएच के ब्लड बैंक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहयोग ट्रस्ट के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अस्पताल के प्रभारी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने किया। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए– इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. बीजीएच के एडिशनल सीएमओ डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार व दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है। बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डॉ सुरेन्द्र कुमार एवं काउन्सलर कविता कुमार–झारखण्ड सरकार एवं सहकर्मी रंजीता एक्का विनीता विभूतिका मनीष एवं कौशल उपस्थित रहे।

### बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**बोकारो।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में जिले के नवपदस्थापित एसपी हरविंदर सिंह से उनके कार्यालय–कक्ष में मिला। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने विधि–व्यवस्था के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा तथा ट्रैफिक जाम सहित जनता और पुलिस से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मुखर होकर रखा। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने सर्वप्रथम श्री सिंह का नए एसपी के रूप में स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कहा कि चास के जोधाडीह मोड़ महावीर चौक धर्मशाला मोड़ चेक पोस्ट सहित बोकारो स्टील सिटी के सिटी सेंटर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस लचर यातायात–व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाए। चेंबर संरक्षक संजय बैद ने कहा कि थाना में गए आवेदकों के साथ उचित व्यवहार होना चाहिए और उनकी शिकायतों का यथाशीघ्र निवारण होना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि सिटी सेंटर बोकारो में आए दिन बैंकों से नकद राशि लेकर निकलते हुए ग्राहकों से पैसे छीन लिए जाते हैं। ऐसी ठोस व्यवस्था की जाए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। साइबर क्राइम से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने सभी मुद्दों को सुनने के बाद आश्वासन देते हुए कहा कि सभी मुद्दों पर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर विनय सिंह नरेंद्र सिंह अंकित चोपड़ा सिद्धार्थ जैन अनूप भालोटिया रविशंकर प्रसाद सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

### करंट लगने से जेसीबी चालक की मौत



**गोड्डा /महागामा।** प्रखंड अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता में बिजली का तार गिरने से एक जेसीबी चालक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान ललघुटवा निवासी 22 वर्षीय अशफाक अंसारी के रूप में हुई है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। वहीं बताया गया कि अशफाक पूरे दिन काम करने के बाद मालिक के घर पर जेसीबी खड़ी कर घर लौट रहा था तभी रास्ते में आंधी के कारण सड़क पर गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से गंभीर रूप से घायल अशफाक को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के दूसरे दिन स्थानीय लोगों ने ललमटिया–बोआरीजोर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और मृतक के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की। करीब 2 घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम रही। ईसीएल के अधिकारी और ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार मौके पर पहुंचे और मुआवजे का आश्वासन देकर जाम हटवाया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज ने मंडल कारा में जेल अदालत का किया आयोजन

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर मंडल कारा परिसर में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को कानून की जानकारी दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने बंदियों के विधिक सहायता की स्थिति की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय सुलाभ कराने को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता मुहैया कराने की व्यवस्था है। ऐसे में वंदियों, महिलाओं, जरुरतमंदों, समाज के कमजोर वर्गों, अभिवंचितों को विधिक सहायता मुहैया की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बंदियों को पैरवी के लिए विधिक सहायता प्राप्त करने का प्रविधान हैं। इसके तहत आपको पैरवी के लिए अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है। विधिक सहायता से संबंधित मामले की सुनवाई को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल का गठन किया गया है जो विधिक सहायता मुहैया कराने में अहम कड़ी का काम करते हैं। विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन देने की जरुरत है। जिन बंदियों ने विधिक सहायता के लिए आवेदन दिया है, उनका कार्य प्रगति पर है। इनमें से कई बंदियों को बेल मिल चुका है। जेल से निकलने के बाद अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह रहने की सलाह दी। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ संजय कुमार सहाय, अजीत कुमार, रीतेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, लीली कुमारी, आयुष राज आदि ने विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

### वृद्धाश्रम में जागरूकता व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गोड्डा।** बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर रविवार को वृद्धाश्रम परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार की अगुवाई में जागरुकता व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। मौके पर डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार ने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर हैं हमें इनके प्रति दया व प्रेम प्रदर्शित करने की जरुरत है। अपने वृद्ध माता–पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग दुर्व्यवहार एक वैश्विक सामाजिक मुद्दा है। यह एक ऐसी समस्या है जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में मौजूद है। इस समस्या की तरफ आम जनों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ही बुजुर्ग जागरुकता दिवस मनाया जाता है। बुजुर्गों को भी आम नागरिकों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। वहीं वृद्धों को रहने, खाने, पेयजल सहित सभी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार, एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय, अजीत कुमार, रीतेश कुमार सिंह, लीली कुमारी, राहुल कुमार, आयुष राज, अधिकार मित्र नवीन कुमार, अविनाश सिंह, अजय टुडू, कर्मी राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### तालाब में मिला तैरता हुआ शव, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो।** बोकारो में आज सुबह चास थाना क्षेत्र के सोलगीडीह तालाब में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुरुदेव प्रसाद के रूप में हुई है जो चास कॉलेज के पास का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरता हुआ एक शव देखा। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी मच गई। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरती लाश को देखकर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए चास सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ शुरू कर दी है।

## मानवाधिकार सहयोग संघ-भारत जिला कमेटी का सम्मेलन आयोजित

**बेरमो।** बोकारो थर्मल-बोकारो थर्मल में मानवाधिकार सहयोग संघ-भारत का सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन झारखंड मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित किया गया था। सम्मेलन का उद्देश्य कानूनी सलाह लेने में असमर्थ लोगों की मदद करना था। और इसमें मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई थी। सम्मेलन में कानूनी सलाहकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों ने भाग लिया था। इससे पूर्व संघ के राष्ट्रीय अध्यक्षा शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मो. सलीम, प्रवक्ता सुनील राज चक्रवर्ती, राष्ट्रीय सलाहकार मो. मिराजउदीन, ममहिला प्रकोष्ठ प्रभारी डेजी सुरीन, झारखंड प्रदेश के अध्यक्षा सीमा महतो, जिला उपाध्यक्ष पी सोनी, के. ललीता राय व प्रदेश सचिव अशोक साव ने संयुक्त रूप से बोकारो जिला कार्य



सम्मेलन का विधिवत उदघाटन किया। जिला कार्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्षा शिल्पी शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन मानवाधिकारों के क्षेत्र में सहयोग और समझ को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह विभिन्न देशों और संगठनों को एक साथ लाता है ताकि वें मानवाधिकारों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सकें। सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकें, और भविष्य के लिए सहयोग की योजना बना सकें। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील राज चक्रवर्ती ने मानवाधिकार सहयोग संघ, मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करने वाले संगठनों और व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क है। झारखंड प्रदेश के अध्यक्षा सीमा महतो ने कहा कि मानवाधिकारों के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को संदर्भित करता है। यह सहयोग विभिन्न स्तरों पर हो सकता है, जैसे कि राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, और जमीनी स्तर पर। इसका उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना और मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकना है। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष जगपाल सिंह, महेश कुमार, भरत यादव, पी सोनी, जिला शिबू कुमार, कांग्रेस नेत्री पम्मी सिंह, सांसद प्रतिनिधि संतोष महतो, श्रावण सिंह, विशवनाथ यादव, सांसद प्रतिनिधि जुगनू यादव, हरेराम यादव सहित बोकारो और धनबाद कमेटी के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## कुरपनिया खटाल वालों के आतंक से आतंकित है बस्तीवासी

- भैंस के फसल खाने के विवाद में खटाल के लोगों ने ग्रामीणों को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल
- आक्रोशित लोगों ने जेकेएलएम के बैनर तले थाने का किया घेराव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो स्टील सिटी के खटाल के लोगों का उत्पात अब गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया पंचायत के शिव मंदिर के समीप बसे खटाल धारियों में भी उस समय देखने को मिली जब बेरमो बस्ती के कुछ खेतों में लगी फसल को भैंस चराने व कुएं में लगे मोटर चोरी के मामले के विवाद ने इतना तुल पकड़ा की खटाल के ग्वालों ने ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से हमला कर कई ग्रामीणों को बुरी तरह घायल कर डाला। घटना 11 जून की देर शाम की बताई जाती है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 जून को कुरपनिया खटाल के कुछ ग्वाला अपने भैंसों को बेरमो बस्ती के ग्रामीणों की खेत में लगी फसल को चराने के साथ-साथ खेत के कुएं में लगे मोटर व तार की चोरी कर ली। इसी मामले को लेकर बस्ती के कुछ लोग खटाल पूछताछ को लेकर पहुंचे, मगर वहां के दबंग ग्वालों ने उन ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से हमला कर कई को घायल कर डाला। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर खटाल बसा है वह जमीन ग्रामीणों की है। इस घटना के बाद रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने जेएलकेएम के बैनर व पार्टी के केंद्रीय सदस्य केडी महतो के नेतृत्व में गांधीनगर थाना का घेराव किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जेएलकेएम के कुरपनिया प्रभारी पिंटू रवानी ने बताया कि गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने दो दिनों का समय मांगा और कहा कि कोई भी दोषी को बक्सा नहीं जायेगा। पिंटू रवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को नौ लोगों को नामजद तथा अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस आंदोलन में उपरोक्त नेताओं के अलावे जगदीश महतो, जुगल महतो, उल्लास महतो, झारखंड लोकतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य केडी महतो, पिंटू रवानी, बंधन महतो, विक्रम गंझू, सुनील बर्नवाल, दीपक रवानी, तैयब अंसारी, पीर मोहम्मद, सेर मोहम्मद, नारायण महतो, टिपू महतो, प्रेम महतो, काली महतो, शुकर महतो, रसीद अंसारी, दौलत महतो, धनश्याम महतो, हेमलाल महतो, स्वार्थी देवी, मालती देवी, सोमरी देवी, कलावती देवी, ननकी देवी, सरस्वती देवी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नीट यूजी में डीपीएस बोकारो के 25 से अधिक विद्यार्थी सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र सलिल सेतु प्रसाद ने सर्वाधिक 99.32 परसेंटाइल और कुल 545 अंकों के साथ सफलता दर्ज की। उसने जनरल कैटेगरी में 6170वीं रैंक हासिल की है। दूसरे स्थान पर रहे आर्यन कुमार ने 99.17 परसेंटाइल और कुल 539 अंकों के साथ सफलता दर्ज की। उसने जनरल कैटेगरी में 7536वीं रैंक हासिल की है। तीसरे स्थान पर 98.65 परसेंटाइल एवं जनरल कैटेगरी में



11679 वीं रैंक के साथ छात्रा ऋषिमा तिवारी रही। उसे कुल 523 अंक मिले। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल रहे उक्त छात्र-छात्राओं के अलावा अनुराग आशीष सुरभि प्रिया श्रेष्ठ रूपम द्विवेदी मयंक राज कौशिकी चौहान अनुपम शर्मा मनीषा भारती सुदर्शन आरोही प्रगति कुमारी मोहम्मद रागिब अहमद अक्षिता पाठक विनीत कुमार झा अंकिता साक्षी सिया गोराईं व अन्य सहित कुल 25 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सफलता दर्ज की है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह कामयाबी विद्यार्थियों की मेहनत लगन और विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

## चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों का नीट यूजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नीट यूजी 2025 में चिन्मय विद्यालय बोकारो के 15 से अधिक छात्र-छात्राओं को शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। इनमें से अधिकांश का अखिल भारतीय रैंक 12000 के भीतर है। इस विद्यालय की तनीषा- एआई रैंक 3106 व कैटिगरी रैंक 1612 नीट यूजी 2025 में विद्यालय में टॉपर हुई हैं। 99.45 परसेंटाइल से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभागियों की संख्या 7 से अधिक हैं। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले सभी छात्र-



छात्राओं व उनके अभिभावकों को एवं अपने विद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 15 से अधिक छात्र-छात्राओं के सफल होने की सूचना मिली है। लेकिन यह संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई छात्राओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है। अभी तक की सूचना के अनुसार बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में तनीषा टीना सहाय राजकुमार सोनी हर्ष राज वंशिका वत्स रजनीश कुमार शाश्वत रंजन आनंद स्निग्धा रिशिका कुमारी यशराज एकांश महावर तथा सानवी शर्मा के नाम शामिल हैं। चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के शानदार सफलता प्राप्त करने पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं हेडमास्टर गोपाल चंद्र मुंशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षको ने ढेरों शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## उपायुक्त ने जिलास्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में दिये कई निर्देश

# पांच शिक्षकों को सेवा सम्पुष्टि की दी स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गोपनीय शाखा स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला शिक्षा स्थापना समिति एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा डीईएस अतुल कुमार चौबे डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर अब जिले के सरकारी स्कूलों में भी बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाकर उनकी सेहत की नियमित निगरानी रखी जा सकेगी ताकि स्वस्थ विद्यार्थी स्वस्थ शिक्षा ग्रहण कर सकें। इस निमित्त जिले के उपायुक्त



श्री झा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षकों को नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में अनुमान्यता पर कमेटी द्वारा लिए निर्णय को अनुमोदित किया। पांच शिक्षकों को सेवा सम्पुष्टि की स्वीकृति दी। वहीं शेष मामलों में राज्य मुख्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त करने को निर्देश दिये। उधर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का सामाजिक अंकेक्षण कराने व योजना के अंतर्गत रसोइया-सह-सहायिकाओं के पुनश्चर्या प्रशिक्षण का आयोजन करने एवं कृषि विज्ञान केंद्र से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों में पोषण वाटिका को विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अगली समीक्षा बैठक डीईओ अथवा डीएसई कार्यालय में ही करने की बात कही। उपायुक्त श्री झा के निर्देश पर डीईओ ने राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरा पहाड़ प्रखंड-गोमिया में वर्ग 9 एवं 10 में छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन प्रभावित नहीं हो- इसको लेकर अतिरिक्त शिक्षक को बहाल कर दिया गया। राजेश कुमार विषय-हिन्दी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक उत्क्रमित +2 विद्यालय चतरो चट्टी गोमिया को राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरा पहाड़ प्रखण्ड-गोमिया में अगले आदेश तक के लिए प्रतिनियोजित किया गया है।

## बीएसएल में 'ईडी (संकार्य) एक्सीलेंस प्रतियोगिता' के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में अधिशासी निदेशक-संकार्य एक्सीलेंस प्रतियोगिता 2024-25 के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईडी संकार्य सीआर महापात्रा तथा ईडी-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी द्वारा किया गया। बीएसएल द्वारा कार्यस्थल पर नवाचार व दक्षता एवं तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सशक्त पहल के रूप में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार करना तथा संस्थान में सतत अधिगम की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।



अपने संबोधन में ईडी श्री महापात्रा ने प्रतिभागियों के समर्पण प्रतिबद्धता एवं तकनीकी उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के युग में तकनीकी दक्षता ही किसी भी उत्पादन इकाई की स्थिरता और सतत प्रगति की मूल आधारशिला है। ईडी सुश्री बनर्जी ने कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास व नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और सतत सीखने की प्रवृत्ति की सराहना करते हुए सभी पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को बधाई दी। अंत में विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के कुल 30 विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीएसएल द्वारा की गई यह पहल न केवल कर्मचारियों के कौशल विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम है बल्कि यह संयंत्र की उत्पादकता व गुणवत्ता और कार्यसंस्कृति में निरंतर सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है।

स्पीड न्यूज

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस आगे जा रही एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हुआ है। मृतकों की पहचान सरफराज निवासी नालहर हरियाणा, आबिद पुत्र हामिद फिरोजपुर, हरियाणा, राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश पुत्र अशोक शर्मा एवं रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासीगण रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार और पांचवां फुलो शर्मा रवि टोला थाना हथौड़ी, समस्तीपुर के रहने वाले शामिल हैं।

## मिलिट्री लोकेशन खाली करें इरानी : आइडीएफ

**तेहरान/तेल अवीव ।** इजराइली डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) ने ईरान के मिलिट्री हथियार कारखानों और उनके आसपास बसे इलाकों में रहने वाले नागरिकों को तुरंत स्थान खाली करने की चेतावनी दी है। आइडीएफ के प्रवक्ता कर्नल अविचाय अद्री ने कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानी नागरिकों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा बुशहर और तेहरान में स्थित ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी सहित 150 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया है।

## ट्रंप ने लगाई आप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं।

## नेपाल के 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी

**काठमांडू।** मौसम विभाग ने 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। राजधानी काठमांडू सहित देशभर में बीती रात से हो रही लगातार बारिश के बाद मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।धनकुटा, भोजपुर, उदयपुर, सिंधुली, खोटांग, ललितपुर, भक्तपुर, काभ्रे, लमजुंग, कास्की, पर्वत, बागलुंग, कैलाली और कंचनपुर में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के साथ ही नदियों में बाढ़ आने की संभावना है। इन जिलों में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## कैलाश मानसरोवर 39 यात्री हुये रवाना

**गाजियाबाद।** पांच वर्षों के बाद एक बार फिर कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का शुभारंभ हो गया है। रविवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहला जत्था शिव आराधना और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि के बीच रवाना हुआ। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग के अलावा कुल 39 यात्री हैं।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि चलाए जा रहे अभियानों में कई अहम बरामदगी और गिरफ्तारियां हुई हैं। अभियान के दौरान तेंगनौपाल ज़िले के सीता मोटर व्हीकल चेक पोस्ट पर एक मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार को रोका गया। मोहम्मद आजाद खान, मोहम्मद मक्सूद, अलीना बीबी और हैट्सी को गिरफ्तार किया।

# ईरान के रक्षा मुख्यालय पर हमला

- खामेनेई के शीर्ष सलाहकार अली शमखानी की मौत
- ईंधन का उत्पादन करने वाले केन्द्रों को बनाया निशाना
- दोनों देशों के बीच अमेरिका में परमाणु वार्ता हुयी रद्द

## इजरायल ने तेहरान में की मिसइलों की बौछार



एजेंसी

**दुबई।** इजरायल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया। वहीं ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजरायल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजरायल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इस्राइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजरायल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली शमखानी की एक अस्पताल में मौत हो गई। ईरानी मीडिया के अनुसार, उनकी मौत इजराइली हवाई हमलों के एक दिन बाद हुई, हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। इजरायल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय के साथ-साथ उन स्थलों को भी निशाना बनाया जिनके बारे में उसका कहना है कि वे देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े हैं। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि ईरानी मिसाइलों ने इजरायल के लड़ाकू विमानों के लिए ईंधन का उत्पादन करने वाले केन्द्रों को निशाना बनाया। दोनों देशों के मध्य जारी संघर्ष के बीच ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने सोशल मीडिया पर कहा कि तेहरान जल रहा है। इस्राइली सेना और ईरान के सरकारी टेलीविजन दोनों ने ईरानी मिसाइलों के नवीनतम हमले की जानकारी दी। आधी रात के करीब सुरक्षा पर इस्राइली कैबिनेट की बैठक के दौरान विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। उधर ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया।

इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया। दुनियाभर के नेताओं ने तनाव कम करने और व्यापक युद्ध से बचने का तत्काल आह्वान किया है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। इजरायल को व्यापक रूप से पश्चिम एशिया में एकमात्र परमाणु संपन्न देश माना जाता है। इसने कहा कि पिछले दो दिनों में ईरान पर उसके सैकड़ों हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई शीर्ष जनरल, नौ वरिष्ठ वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा है कि 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने संबंधी दायित्वों का पालन नहीं करने के लिए बृहस्पतिवार को फटकार लगाई थी।

### पूर्वी अजरबैजान प्रांत में 31 लोगों की मौत

ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में इजरायली हवाई हमलों में 30 सैन्यकर्मी और एक बचावकर्मी की मौत हो गयी एवं 55 लोग घायल हो गए हैं। प्रांत के गवर्नर बहराम सरमस्त ने यह जानकारी दी है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी द्वारा शनिवार को दिए गए एक बयान के अनुसार शुक्रवार की सुबह शुरू हुए हमलों में 19 अलग-अलग स्थानों पर 55 लोग घायल भी हुए हैं। जिन जगहों पर हमला हुआ उनमें प्रांतीय राजधानी में एक प्रमुख रसद और परिवहन केंद्र, तबरीज हवाई अड्डा भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने पास के शाहिद फकौरी सैन्य हवाईअड्डा और आस-पास के रेलवे नेटवर्क के कुछ हिस्सों को अतिरिक्त नुकसान की सूचना दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह से इजरायल ने राजधानी तेहरान सहित देश भर में रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाकर समन्वित हवाई हमलों की एक श्रृंखला शुरू की। सरकारी मीडिया ने इन हमलों में कई उच्च पदस्थ सैन्य कमांडरों और प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की मौत की पुष्टि की है।ईरान ने इजरायली हमले के जवाब में शुक्रवार रात से इजरायल के अंदर सैन्य ठिकानों पर भारी मात्रा में बैलिस्टिक मिसाइलें दागी।

## इजरायल-ईरान में युद्ध समाप्त होः ट्रंप




**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि इजरायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इजरायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने लंबी बातचीत की। रूस, यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रंप ने कहा कि पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं। शनिवार को ट्रंप का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# पटना को एक और एलिवेटेड सड़क की सौगात

- नीतीश मीठापुर-महुली सड़क का आज करेंगे उद्घाटन
- गया, जहानाबाद, अरवल, और बिहारशरीफ के लिए सफर अब आसान हो जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए राजधानी वासियों को एक और नए एलिवेटेड सड़क की सौगात सोमवार को मिलने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को नव निर्मित मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इस एलिवेटेड सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। दक्षिण बिहार के कई जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। कुल 1400 करोड़ रुपये की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस मौके पर राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन करेंगे। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा।

### अब घंटों का सफर मिनटों में होगा पूरा

सिपारा से महुली एलिवेटेड रोड पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे। इसके चालू होने से सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। अभी इस दूरी को तय करने में लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ता है। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य दो फेज में चल रहा है।

फेज-1 का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है। मीठापुर से सिपारा तक रूट की संरचना में काफी बदलाव होने के कारण मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन पथ परियोजना (फेज-2) का भी प्रावधान किया गया है। फेज-2 में मीठापुर से सिपारा तक की दूरी जो करीब 2.10 किलोमीटर है, इसपर एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया गया है।

# अनुसूचित जाति आयोग ने लालू को भेजा नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की बढ़ सकती है मुश्किलें। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान का वीडियो वायरल होने के बाद राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। आयोग ने राजद प्रमुख से 15 दिनों के अंदर जवाब देने को भी कहा है। अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने लालू को नोटिस जारी किया है, जिसमें लिखा गया है कि लगातार सोशल मीडिया में आपके जन्मदिन का एक वीडियो देखा जा रहा है, जिसमें आप और आपके एक कार्यकर्ता द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की फोटो का अपमान किया जा रहा है। अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि उक्त वीडियो के संबंध में 15 दिनों के भीतर आप आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखें, अन्यथा यह समझा जाएगा कि आपने जानबूझकर यह कृत्य किया है। आयोग ने आगे पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप 15 दिनों के अंदर आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखते हैं, तो आप पर अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा।

### अंबेडकर की फोटो अपमान मामले में मांगा जवाब



# अब विवि आसानी से खरीद सकेंगे विशिष्ट शोध उपकरण

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में केंद्र ने सरकार ने किया बड़ा बदलाव

**नयी दिल्ली।** देश में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने रविवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई बड़े नीतिगत बदलावों की घोषणा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में प्रेस वार्ता के दौरान इन सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से शोधकताओं, वैज्ञानिकों और अकादमिक संस्थानों को लंबे समय से चली आ रही अड़चनों से राहत मिलेगी। डॉ. सिंह ने बताया कि अब विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और वैज्ञानिक संस्थानों के निदेशकों को यह अधिकार होगा कि वे विशिष्ट शोध उपकरणों की गैर-जीईएम माध्यम से भी खरीद कर सकें। पहले केवल सरकारी ई-मार्केटप्लेस से खरीद की अनिवार्यता थी, भले ही वहां आवश्यक वस्तु उपलब्ध न हो। इसके अलावा, सामान्य वित्तीय नियमों में भी संशोधन किया गया है। अब प्रत्यक्ष खरीद की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है।

## बिहार राजद के अध्यक्ष बने मंगनी लाल मंडल



**पटना।** पूर्व मंत्री मंगनी लाल मंडल को रविवार को राजद का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। राजद के प्रदेश कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के निवार्ची पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन ने सहायक निवार्ची पदाधिकारी अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर एवं सारिका पासवान की उपस्थिति में राजद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मंगनी लाल मंडल के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की ।

# यूपी में रॉकेट का प्रक्षेपण सफल

- इसरो ने राज्य में पहली बार पेलोड किया प्रक्षेपित

एजेंसी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में एक सफल मॉडल रॉकेट प्रक्षेपण किया गया। यह पहली बार है जब राज्य से रॉकेट के जरिए कोई पेलोड प्रक्षेपित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा शनिवार को किए गए परीक्षण में मॉडल रॉकेट शाम पांच बजकर 14 मिनट पर 1.12 किलोमीटर ऊपर तक गया। परीक्षण स्थल पर मौजूद इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने कहा कि रॉकेट को शाम पांच बजकर 14 मिनट 33 सेकंड पर प्रक्षेपित किया गया, जो 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। इसके बाद एक छोटा उपग्रह (पेलोड) बाहर आया। जैसे ही यह पांच मीटर नीचे आया, इसका पैराशूट सक्रिय हो गया और उपग्रह जमीन पर 400 मीटर की दूरी पर उतर गया। पंद्रह किलोग्राम का रॉकेट भी सुरक्षित रूप से नीचे उतरा। इन-स्पेस के संवर्धन निदेशालय के निदेशक विनोद कुमार ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र और पूरे देश के बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि यह पहली बार था जब उत्तर प्रदेश में रॉकेट द्वारा सीधे उपग्रह प्रक्षेपित किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।



# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ घटा

एजेंसी

शेयर बाजार समीक्षा




- एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47075 करोड़ घटा
- टीसीएस और इन्फोसिस के मार्केट कैप में हुयी बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही।

वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 15,578.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,65,318.03 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

### फेडरल और तनाव पर बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ।